# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 3 अगस्त 2024


# डॉक्टर बनने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तीन लाख और निजी में 40 लाख का खर्च!

## सरकारी कालेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई ढाई से तीन लाख में पूरी

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर

नीट का रिजल्ट जारी होने के बाद अब रजिस्ट्रेशन और फिर काउंसिलिंग के साथ एमबीबीएस में प्रवेश का सिलसिला शुरू होगा, लेकिन गरीब और मध्यम वर्ग के लिए डॉक्टर की पढ़ाई आसान नहीं है। सरकारी कॉलेजों की सीमित सीटों में प्रवेश मिल गया तो ठीक, नहीं तो निजी कॉलेजों के लिए भारी भरकम फीस जुटाना आसान नहीं होगा। यह जानकर हैरत होती है कि शासकीय मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की पढ़ाई ढाई से तीन लाख रुपए में पूरी हो जाती है, लेकिन इसके लिए निजी मेडिकल कालेज में चालीस लाख रुपए तक देना पड़ता है, जो तेरह गुना महंगा है।

राज्य में पिछले साल निजी मेडिकल कालेजों की फीस साढ़े सात से आठ लाख रुपए सालाना थी। उस दौरान तीन मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की 450 सीटें थीं। पिछले सत्र तक राज्य में तीन मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस की 450 सीट थी। वर्ष 2024-25 के शिक्षण सत्र के लिए दो और कालेजों को अनुमति मिलने के बाद सीटों की संख्या बढ़कर 650 हो गई है। छात्रों के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पिछली बार निजी मेडिकल कालेजों की फीस

| | |
|---|---|
| रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज | 745187 |
| श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज | 799187 |
| श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज | 7850187 |



### उच्चतम स्तर पर फीस

*प्रदेश में निजी मेडिकल कालेजों की फीस उच्चतम स्तर पर है। मध्य वर्ग के लोगों को पढ़ाई प्रारंभ करने के पहले आर्थिक स्थिति का आकलन करना पड़ता है। निजी मेडिकल कालेजों की फीस गाइडलाइन निर्धारित कर विशेषज्ञों की कमेटी तय करती है। अक्सर प्राइवेट मेडिकल कालेज इसका पालन नहीं करते।*

*– **डॉ. राकेश गुप्ता**, अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर*

फैक्ट फाइल

### दो कालेजों में पुरानी फीस

*सूत्रों के अनुसार राज्य के दो निजी मेडिकल कालेज की फीस में इस बार बदलाव होने की संभावना नहीं है। हाल में अस्तित्व में आए दो नए और एक पुराने चिकित्सा महाविद्यालय के वार्षिक शुल्क का निर्धारण किए जाने की संभावना है। इसके लिए अन्य कालेजों की फीस और मौजूदा महाविद्यालयों की सुविधा का अध्ययन करने के बाद फीस तय किए जाने के आसार हैं।*

### खाली नहीं रहती सीटें

*सूत्रों का कहना है कि एमबीबीएस की पढ़ाई का आकर्षण अलग है। इसीलिए किसी भी मेडिकल कालेज में सीटें खाली नहीं रहती। शासकीय मेडिकल कालेजों की लगभग सभी सीटों पर एडमिशन दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद पूरा हो जाता है। मॉपअप राउंड के माध्यम से निजी कालेजों की सीटों पर भी एडमिशन पूरा हो जाता है। इस बार राज्य में कुल 15 मेडिकल कालेज हैं।*






## कोचिंग हादसे में हाईकोर्ट ने पुलिस और एमसीडी को याद दिलाई उनकी जिम्मेदारियां

# हाईकोर्ट की फटकार- 'शुक्र है, आपने पानी का चालान नहीं काटा', सीबीआई को सौंपी जांच

*दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजिंदर नगर में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में सिविल सेवा के तीन उम्मीदवारों के डूबने पर पुलिस और एमसीडी को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि अच्छा हुआ जो पानी बेसमेंट में घुसा है आपने उसका चालान नहीं काटा। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि किसी को तो घटना की जिम्मेदारी लेनी होगी। कोर्ट ने मामले की जांच का जिम्मा भी सीबीआई को सौंप दिया है। कोर्ट ने अब तक की जांच पर भी सवाल खड़े किए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि एमसीडी अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं है और यह एक आम बात हो गई है। जब कोर्ट ने पूछा कि क्या उन्हें पता है कि बिल्डिंग प्लान को मंजूरी किसने दी तो दिल्ली पुलिस ने जवाब दिया कि उन्होंने इस बारे में पूछा है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और एमसीडी को फटकार लगाते हुए कहा कि वह यह नहीं समझ पा रहा है कि छात्र बाहर ▶▶| शेष पेज 4 पर

### ऐसे जांच होती है क्या जिम्मेदारों को ढूंढिए

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, गनीमत है कि जैसे आपने ड्राइवर को गिरफ्तार किया, वैसे पानी का चालान नहीं काट दिया। पूरा मामला आपराधिक लापरवाही का है। जिम्मेदारों को ढूंढिए। आपने कीमती समय बर्बाद किया है। फाइल नहीं जब्त की है। हो सकता है, अब तक उन्हें बदल दिया गया हो। क्या इस तरह जांच होती है?




### चुनावी बॉन्ड की एसआईटी जांच से इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में चार जजों की खंडपीठ ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कॉरपोरेट घरानों और राजनीतिक दलों के बीच हुए लेन-देन की जांच कराने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की निगरानी में एसआईटी की मांग करने वाली याचिका को खारिज किया है।

### हादसे में गई थी 3 छात्रों की जान

27 जुलाई को दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 3 छात्रों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि तेज बारिश से इमारत पर लगा गेट टूट गया और पानी बेसमेंट में घुस गया।

### पुलिस को माफी मांगनी चाहिए

दरअसल, मामले में पुलिस ने एक कार ड्राइवर को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि गाड़ी के निकलने से पानी बढ़ गया, जिससे गेट टूट गया और बेसमेंट में पानी भर गया। कोर्ट ने कहा, सड़क से गुजर रहे एक शख्स को कैसे गिरफ्तार किया गया? यह उचित नहीं है। पुलिस माफी मांगे।

# सड़कों से उठाए गए मवेशियों में से 14 मृत एक कमरे में मिले शव

चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मरदा के एक बाड़ा मकान में कुछ मवेशी मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना लवन पुलिस बल तत्काल घटनास्थल ग्राम मरदा पहुंची। घटना स्थल के एक कमरे में मवेशी मृत हालत में थे, जिसमें से तेज दुर्गंध आ रही थी। साथ ही मवेशियों के दो–तीन दिन पहले मृत होने की आशंका बताई जा रही है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

- इसकी निगरानी के लिए बनाई गई थी समिति

### इनके खिलाफ मामला दर्ज

प्रकरण में ग्राम मरदा में घुमंतु मवेशियों को पकड़ने एवं उसकी देखरेख के लिए बनाए गए किसान समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों सुशील कुमार साहू, तेरस राम साहू, लक्ष्मी प्रसाद यादव, निवासी ग्राम मरदा थाना लवन, राकेश कुमार जांगडे, निवासी ग्राम मरदा थाना लवन सहित अन्य के ख़िलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में 400 किलो कोकीन सहित दो भारतीय गिरफ्तार



**वाशिंगटन।** अमेरिका में मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों सिमरनजीत सिंह और 19 वर्षीय गुसिमरत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का 400 किलो नशीला पदार्थ कोकीन भी बरामद हुआ है। न्याय विभाग ने बताया कि आरोपी कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो के निवासी थे।

### प्रशांत भी स्पेस स्टेशन के लिए बैकअप एस्ट्रोनॉट चुने गए



**नई दिल्ली।** भारत ने इंडो यूएस स्पेस मिशन में कैप्टन प्रशांत नायर का बैकअप के तौर पर चयन किया गया है। ज्ञात हो कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इस मिशन के मुख्य अंतरिक्ष यात्री हैं। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन कब जाएंगे, इसकी तारीख का ऐलान अभी नहीं हुआ है।

### घुसपैठ रोकना केंद्र ही नहीं सभी की जिम्मेदारी



**जमशेदपुर।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि घुसपैठ रोकना केवल केंद्र सरकार की नहीं बल्कि सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए राहुल गांधी से वह फॉर्मूला भी जानना चाहा कि अपनी जाति बताए बिना जाति सर्वेक्षण कैसे किया जाए।

## नीट मामले पर सुप्रीम फैसला

# पूरे देश में नहीं सिर्फ दो केंद्रों पर धांधली, दोबारा परीक्षा नहीं



*कोर्ट ने कहा- केवल पटना और हजारीबाग केंद्रों पर पेपर लीक, एनटीए की खामियों को जल्द दूर करें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले पर अंतिम फैसला सुना दिया। कोर्ट ने कहा कि परीक्षा में केवल पटना और हजारीबाग केंद्रों पर ही धांधली हुई थी। इसमें किसी व्यापक स्तर की धांधली का सबूत नहीं मिला है। इस मामले की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर कोर्ट ने कहा कि परीक्षा केंद्र आवंटन प्रणाली में सुधार होना चाहिए। बता दें कि कोर्ट ने 23 जुलाई को 40 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया। कोर्ट ने कहा सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि यह एक व्यवस्थित ▶▶| शेष पेज 4 पर

सुप्रीम कोर्ट ने कहा

### एनटीए की खामियां एक साल के भीतर दूर हो

*ने अपने अंतिम आदेश में कहा कि एनटीए की प्रक्रियाओं में कई खामियां पाई गई हैं। कोर्ट ने कहा कि छात्रों के हित में हम इन खामियों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। कोर्ट ने केंद्र से कहा है कि एक साल के अंदर इन सभी खामियों को दूर किया जाए जिससे भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं हो।*

### बताई परीक्षा कैंसल नहीं करने की वजह

नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने अंतिम फैसला सुनाया। कोर्ट ने परीक्षा को रद्द नहीं करने की वजह भी स्पष्ट की। कोर्ट ने कहा कि री-एगजाम कराने का आदेश नहीं दिया गया हैं। अगर ऐसा किया जाता तो 20 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स पर पर गंभीर प्रभाव पड़ता।

### कोर्ट ने 8 बिंदुओं पर विशेषज्ञ समिति से रिपोर्ट मांगी

कोर्ट ने विशेषज्ञ समिति से 8 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सरकार द्वारा गठित समिति के कार्यक्षेत्र पर हमने कहा है कि इसमें मूल्यांकन समिति शामिल होगी। इसके साथ ही मानक संचालन प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र आवंटित करने की प्रक्रिया की समीक्षा, पहचान जांच बढ़ाने की प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों में हेरफेर रोकने के लिए लॉजिस्टिक प्रणाली को सुरक्षित करना होगा और एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना करनी होगी।






## हाटकचोरा में तालाब की जमीन पर 8 प्रधानमंत्री आवास भी बन गए

# तालाब में बन गया पीएम आवास, गंगामुण्डा का 50 और दीवान तालाब का 6 एकड़ रकबा गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि लाइव – दसवीं किस्त

शहर के दो बड़े तालाब अतिक्रमण की चपेट में आकर अपना अस्तित्व खो रहे हैं। गंगामुण्डा तालाब का रकबा लगभग 125 एकड़ का है, लेकिन वर्तमान में 70 से 75 एकड़ में ही तालाब बचा है। इस लिहाज से लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया है। वहीं हाटकचोरा का दीवान तालाब भी एक चौथाई बचा है। लगभग 8 एकड़ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अतिक्रमण हटाने दिए आदेश



### जिनके नाम पट्टा है, उसे मिला पीएम आवास का लाभ

हाटकचोरा दीवान तालाब में अतिक्रमण के विषय में वार्ड पार्षद पंचराज सिंह ने कहा कि मैं 40 साल से यहां का निवासी हूं। मेरी जानकारी से पहले यहां अतिक्रमण हो चुका था और यहां 30-35 साल से लोग तालाब की जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं। तालाब के काफी बड़े क्षेत्र में अतिक्रमण हो चुका है। 7-8 लोगों ने पीएम आवास ▶▶| शेष पेज 4 पर

### सीमांकन पश्चात होगा सर्वे

*एनजीटी का आदेश हुआ है जिसका पालन किया जाएगा, बारिश में लोगों को नहीं हटाया जा सकता। प्लान बनाकर सुनियोजित तरीके से हटाने की कार्रवाई की जाएगी, पहले अतिक्रमण स्थल का चिन्हांकन करेंगे। तालाब एरिया का सीमांकन के बाद सर्वे किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना का फ्लेट तैयार हो रहा है, वहां अतिक्रमण करने वालों का व्यवस्थापन करेंगे। सभी को पर्याप्त अवसर देकर सलाह मशविरा के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। तालाब की जगह पर कितने लोग बसे हैं, उसकी गणना की जाएगी। दिसंबर तक का समय पर्याप्त है, तब तक सभी कार्रवाई कर ली जाएगी।*

*– **हरेश मंडावी**, आयुक्त नगर निगम जगदलपुर*

*राजधानी दिल्ली में मंदबुद्धि बच्चों और लोगों के लिए बनाया गया आशा किरण होम अब डेथ चैंबर बन रहा है। अंदर के हालात बेहद खराब हैं। बच्चों को जो सुविधा पहले मिलती थी वह अब नहीं मिलती है। ना ही प्रॉपर डाइट मिलती है। यहां कम से कम 20 से 25 बच्चों को टीबी की बीमारी है। शेल्टर होम की क्षमता लगभग 500 है, लेकिन अंदर लगभग 950 लोग हैं। यह जानकारी आशा किरण में काम करने वाली एक महिला ने दी है।*

## दिल्ली के इस शेल्टर होम में 14 मौतों के बाद मचा है हड़कंप

# 500 की क्षमता वाले आशा किरण होम में 950 लोग

### हो रहे नए खुलासे, 25 बच्चों को टीबी की बीमारी, नहीं मिलती प्रापर डाइट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक न्यूज चैनल से बातचीत में उक्त महिला ने बताया कि 4 साल पहले तक बच्चों को दूध अंडा सब मिलता था, लेकिन अब सब बंद कर दिया गया। सिर्फ दाल रोटी मिलती है। महिला ने बताया कि अंदर अभी भी कम से कम 20 से 25 बच्चों को टीबी की बीमारी है। इधर, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने आशा किरण का दौरा भी किया है।

### नियुक्त नहीं विभाग प्रमुख

बता दें कि, आशा किरण "मानसिक रूप से कमजोर"लोगों के लिए केंद्र है, जो दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आता है। राज कुमार आनंद के इस्तीफे के बाद से विभाग के प्रमुख की नियुक्त नहीं की गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं और उन्होंने इस विभाग का प्रभार किसी मंत्री को नहीं सौंपा है।




### 14 कार्य प्रणाली पर उठने लगे हैं सवाल

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-1 स्थित मानसिक रूप से बीमार लोगों के शेल्टर होम 'आशा किरण' में इस साल अब तक 14 लोगों की मौत होने की खबर से हड़कंप मच गया है। इन मौतों से दिल्ली सरकार के शेल्टर होम की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। एसडीएम रोहिणी ने अपनी जांच रिपोर्ट में इन मौतों के बारे में जानकारी दी है। इस बीच पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों की मौतों के मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जब भी शेल्टर का निरीक्षण किया, तब वहां पर यह नहीं देखा गया कि जिन लोगों की मौत हुई वो किसी बीमारी से पीड़ित थे या नहीं। इस संबंध में मजिस्ट्रेट से जांच कराई जा रही है। हम कानूनी तौर पर मामले को लेकर एनएचआरसी को खुद इस जांच रिपोर्ट भेजेंगे। हाल ही में एक सप्ताह पहले शेल्टर होम प्रशासन ने सूचना दी थी कि यहां पर बच्चों की संख्या बीते एक माह में अधिक हो गई थी। अधिकारी के मुताबिक, मरने वाले 14 लोगों में एक किशोर था, जिसकी उम्र 14 से 15 साल के बीच थी, बाकी अन्य 13 लोग वयस्क थे, जिनकी उम्र 20 वर्ष से अधिक थी।

### मंत्री आतिशी ने मौत की दिए जांच के आदेश

*दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम में 14 मौतों के मामले में शुक्रवार को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (राजस्व) को मजिस्ट्रेट जांच कराने और 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। आतिशी ने इस वर्ष जनवरी से अब तक हुई मौत संबंधी खबरों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि ये मौतें "कथित तौर पर स्वास्थ्य समस्याओं और कुपोषण के कारण हुईं और यह यहां रहने वाले लोगों को अपेक्षित सुविधाओं की कमी को दर्शाता है।'*

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू का न्यूजीलैंड तिमोरलिस्ते दौरा 5 से

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले सप्ताह 5 से 10 अगस्त तक दक्षिण पूर्व



एशिया और प्रशांत क्षेत्र के तीन देशों फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर लेस्ते की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। इसकी शुरुआत 5 अगस्त को फिजी से होगी और उसके बाद राष्ट्रपति न्यूजीलैंड और अंत में तिमोर लेस्ते जाएंगी। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने दी। उन्होंने बताया कि फिजी और तिमोर लेस्ते की किसी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली यात्रा होगी। भारत द्वारा उक्त क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### मेटा ने लॉन्च किया सबसे बड़ा 'ओपन' एआई मॉडल

**सिडनी।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की दुनिया में एक लड़ाई चल रही है। एक तरफ ऐसी कंपनियाँ हैं जो



अपने उन्नत सॉफ़्टवेयर के पीछे डेटासेट और एल्गोरिदम को निजी और गोपनीय रखने में विश्वास करती हैं। दूसरी ओर ऐसी कंपनियाँ हैं जो जनता को यह देखने की अनुमति देने में विश्वास करती हैं कि उनके परिष्कृत एआई मॉडल के के पीछे आखिर क्या है। इसे खुले और बंद स्रोत एआई के बीच की लड़ाई के रूप में देखा जा सकता है। हाल के सप्ताहों में, फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने बड़े एआई मॉडल का एक नया संग्रह जारी करके ओपन-सोर्स एआई के लिए बड़े पैमाने पर लड़ाई लड़ी। इनमें लामा 3.1 405बी नाम का एक मॉडल शामिल है।

## मिडिल ईस्ट का तनाव पहुंचा हिंदुस्तान तक

# बड़ी जंग के आसार, भारत ने रद्द कीं इजराइल की सारी उड़ानें

*इजराइल और ईरान के बीच बढ़े तनाव का असर भारत तक दिखने लगा है। एयर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी सभी फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया है। शुक्रवार को एयर इंडिया ने बताया कि उसने 8 अगस्त तक के लिए अपनी सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है, जो तेल अवीव जानी थीं। एयर इंडिया ने बयान जारी कर बताया, 'मिडल ईस्ट में जैसी स्थितियां हैं, उसे देखते हुए हमने तत्काल प्रभाव से तेल अवीव के लिए उड़ानों को रद्द कर दिया है। 8 अगस्त तक ये फ्लाइट्स कैंसिल रहेंगी। हम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेल अवीव जाने और आने वाली उड़ाने बुक कराने वाले यात्रियों से भी हम संपर्क में हैं।' एयर इंडिया ने बताया कि यात्रियों को कैंसिल करने या फिर रिशेड्यूल का चार्ज नहीं देना होगा। हमारी पहली प्राथमिकता यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा है। इससे पहले गुरुवार को भी कुछ उड़ानों को एयर इंडिया ने रद्द कर दिया था, जो इजराइल जानी थीं। एयर इंडिया से पहले सिंगापुर, ताइवान और चाइना एयरलाइंस ने भी अपनी फ्लाइट्स के रूट बदले हैं। सभी ने ईरान के आसमान से विमानों को न उड़ने की सलाह दी है। इसके अलावा इराक, लेबनान और इजराइल के भी आसमान से बचने की सलाह जारी की गई है। गौरतलब है कि दो दिन के अंदर ही इजराइल ने हमास से लेकर हिजबुल्लाह तक के तीन टॉप कमांडरों को मार गिराया था। ये हत्याएं ईरान से लेकर लेबनान तक में घुसकर की गईं हैं। इसके चलते मुस्लिम देशों में गुस्सा है और इजराइल से बदला लेने की मांग हो रही हैं।




### भड़के मुस्लिम देश, बड़ी जंग के आसार

इजराइल ने मंगलवार को तेहरान में हमास के टॉप लीडर इस्माइल हानियेह को मार गिराया था। इस पर इजराइल भड़क गया है और उसने बदला लेने का ऐलान किया है। मध्य पूर्व में इसके चलते तनाव भड़का हुआ है और माना जा रहा है कि किसी भी समय ईरान की ओर से बदले की कार्रवाई की जा सकती है। ईरान की ओर से एयरस्ट्राइक भी हो सकती है। वहीं लेबनान में इजराइल ने हिजबुल्लाह कमांडर फुवाद शुक्र को मार गिराया था। इसके चलते लेबनान की ओर से भी इजराइल पर हमला हो सकता है। इस डर के चलते दुनिया भर की एयरलाइंस लेबनान, ईरान और इजराइल के एयरस्पेस को इस्तेमाल नहीं करना चाहतीं।

### फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद का डिप्टी हेड भी ढेर

**गाजा पट्टी।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियार प्रोडक्शन के डिप्टी हेड प्रमुख मोहम्मद अल जाबरी को मार दिया है। इजरायली अखबार द यरुशलम पोस्ट के मुताबिक आईडीएफ ने शुक्रवार को अपने इस ऑपरेशन और जाबरी की मौत की जानकारी दी है। इजराइल के लिए बीते चार दिन के भीतर ये तीसरी बड़ी कामयाबी है। मंगलवार को लेबनान में एक हवाई हमले में हिजबुल्लाह कमांडर फुआद शुकर की मौत हो गई थी। इसके बाद बुधवार रात को हमास के नेता इस्माइल हानिया की भी तेहरान में हत्या कर दी गई। इजराइल ने दोनों ऑपरेशन पर चुप्पी साध रखी है लेकिन हानिया और शुकर, दोनों ही इजरायली सेना की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल थे। आईडीएफ का दावा है कि अल जाबरी उत्तरी गाजा में इस्लामिक जिहाद के लिए हथियार बनाने के लिए फंडिंग का इंतजाम करता था। कथित तौर पर अल जाबरी हमास लड़ाकों के वेतन और अलग-अलग विभागों में पैसे के बंटवारे को भी देखता था। जाबरी ने ही हमास को रॉकेट तैयार कराने में अहम रोल निभाया था।

### ईरान ने दी है अंजाम भुगतने की धमकी

*शिया कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन हमास के सुप्रीम कमांडर इस्माइल हनीयेह को मंगलवार की रात इजरायली सेना ने ईरान के तेहरान शहर में मारा गिराया था। इसके बाद पूरे मिडिल ईस्ट में भारी तनाव है। ईरान ने इस हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा है कि यह देश की क्षेत्रीय अखंडता, गरिमा और सम्मान के खिलाफ है और इजरायल को अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। हनियेह के मारे जाने पर दुनिया दो खेमों में बंट गई है। ईरान के अलावा चीन, रूस ने भी इजरायल के इस कदम की कड़ी आलोचना की है। उसने कहा कि वह हमास चीफ की हत्या का समाचार सुनकर चिंतित और व्यथित है। वहीं, अमेरिका ने इजरायल का साथ देने का ऐलान किया है।*

## रूस के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास...



**सेंट पीटर्सबर्ग।** भारतीय नौसेना के फ्रंटलाइन फ्रिगेट, आईएनएस तबर ने रूसी नौसेना के जहाज सोब्राज़िटेलनी के साथ शुक्रवार को समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) सफलतापूर्वक आयोजित किया । आईएनएस तबर 328वें रूसी नौसेना दिवस परेड समारोह में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर 25 जुलाई को सेंट पीटर्सबर्ग, रूस पहुंचा था। आईएनएस तबर की यात्रा का उद्देश्य भारत, रूस की दीर्घकालिक मित्रता को मजबूत करना है।



### सीमा पर बढ़ती घुसपैठ के बीच सरकार का बड़ा एक्शन

# हटाए गए बीएसएफ के डीजी और एसडीजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाई बी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया है।

एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गयी है। अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं, जबकि खुरानिया 1990 बैच के ओडिशा कैडर के अधिकारी हैं। अग्रवाल ने पिछले साल जून में सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख का कार्यभार संभाला था।



विशेष डीजी (पश्चिम) के रूप में खुरानिया पाकिस्तान सीमा पर बल का नेतृत्व कर रहे थे। नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति (एसीसी) ने अलग-अलग जारी आदेशों में कहा कि उन्हें "तत्काल प्रभाव से और समय से पहले" वापस भेजा जा रहा है। खुरानिया को अब ओडिशा पुलिस का डीजी बनाया गया है।

### बढ़ती घुसपैठ के चलते कार्रवाई!

हालांकि सरकार ने दोनों बड़े अफसरों की होम कैडर में वापसी के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि जम्मू सेक्टर में घुसपैठ बढ़ने के कारण नितिन अग्रवाल को बीएसएफ प्रभार से मुक्त किया गया है। जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी के कुछ हिस्सों की सुरक्षा बीएसएफ करती है।करीब 2.65 लाख कर्मियों वाले सुरक्षा बल बीएसएफ पर पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश के साथ लगने वाली भारतीय सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। खुरानिया फिलहाल जम्मू के सीमांत क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। यह बैठक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा पार से होने वाली घुसपैठ और उसके कथित खतरे के मद्देनजर हो रही है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला

# ममता सरकार ने सौरव गांगुली को 1 रुपए में दी 350 एकड़ जमीन

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को ममता सरकार ने फैक्ट्री बनाने के लिए एक रुपये में 350 एकड़ जमीन लीज पर दी है। अब इस मामले को लेकर एक जनहित याचिका कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर की गई और पूछा गया है कि आखिर ऐसा कैसे संभव हुआ? जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच इस मामले पर सुनवाई करेगी। इस पीआईएल में ममता सरकार से जमीन देने के मामले में सवाल किए गए हैं।



यह पूरा मामला चिटफंड मामलों के लिए गठित खंडपीठ के तहत ही सुना जाएगा।

अब ममता बनर्जी सरकार को जनहित याचिका के तहत कोर्ट का सामना करना पड़ेगा। जिसमें सौरव गांगुली को क्यों यह जमीन दी गई है? क्या करार हुआ है? जैसे कई सवालों के जवाब देने होंगे।

### यह है पूरा मामला

सौरव गांगुली से जुड़े इस मामले की सुनवाई जल्द ही कोर्ट में होने वाली है। चिटफंड मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की खंडपीठ ही इस मामले को सुनेगी। ममता सरकार ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना में एक फिल्म सिटी बनाने के लिए प्रयाग समूह को 750 एकड़ जमीन आवंटित करी थी। बाद में इस कंपनी का नाम चिटफंड मामले में आया तो यह मामला तूल पकड़ गया था।

# पांच तालाबों से निकाल ली एक लाख क्यूबिक मीटर मुरुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

परिवहन करने की बजाय ट्रांसपोर्टर द्वारा हद से ज्यादा अवैधानिक खनन कर बाजार में बेचे जाने के मामले में दायर जनहित याचिका इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जिला कलेक्टर दुर्ग और खनिज उप संचालक दुर्ग से पूछा है कि परिवहन ठेके में खनन करने की अनुमति किसने दी। कोर्ट ने दो सप्ताह में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में पेश जनहित याचिका के मुताबिक दुर्ग जिले में ब्लाक पाटन के ग्राम बठेना में पांच तालाबों का सौंदर्यीकरण व गहरीकरण किया गया इसमें करीब 8 हजार क्यूबिक मीटर मुरुम निकाली गई। इसके परिवहन का ठेका अभिषेक सिंह को दिया गया। इसे सिर्फ रायल्टी चुकाने के बाद परिवहन करना था, मगर इसने इस मुरुम को बाहर ले जाकर बेचना भी शुरू कर दिया। जांच में पता चला कि तालाबों को जरूरत से ज्यादा खोदकर पूरा बर्बाद कर दिया गया।

■ हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

### मादुरो ने नेशनल टीवी पर दिया था लड़ाई के लिए चैलेंज

# मस्क ने की चुनौती स्वीकार, लड़ेंगे वेनेजुएला के राष्ट्रपति से

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

टेस्ला के सीईओ और एक्स के मालिक एलन मस्क ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से लड़ने की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। हाल ही में मादुरो ने मस्क को नेशनल टीवी पर लड़ाई के लिए चैलेंज किया था। मस्क ने एक्स पर इस चुनौती को स्वीकार कर लिया है। बता दें कि हाल ही में वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हुए हैं जिसमें मादुरो पर धांधली कर के जीतने के आरोप लग रहे हैं।

*बोले- वो जीते तो मंगल ग्रह की यात्रा फ्री*



### क्यों हुई मस्क और मादुरो में तनातनी?

निकोलस मादुरो ने एलन मस्क पर वेनेजुएला के खिलाफ हमले का आरोप लगाया है। मादुरो ने कहा है कि वेनेजुएला के नेशनल इलेक्टोरल काउंसिल (एनईसी) में कथित कंप्यूटर हैकिंग के पीछे भी एलन मस्क का हाथ है। बता दें कि एनईसी ने हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में विस्तृत डेटा प्रदान किए बिना निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया है। इस चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। निकोलस मादुरो ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि हमारे नए कट्टर दुश्मन, प्रसिद्ध एलन मस्क, क्या तुम लड़ना चाहते हो? चलो यह करते हैं। एलन मस्क, मैं तैयार हूं। मैं नहीं डरता। आओ लड़ें, जहां भी तुम चाहो।

### लड़ाई की शर्त

*मस्क ने एक्स पर बताया है कि मादुरो एक बड़े व्यक्ति हैं और संभवतः लड़ना जानते हैं। इसलिए यह लड़ाई सच में होने जा रही है। मस्क ने शर्त रखी कि अगर मैं जीत गया तो निकोलस मादुरो वेनेजुएला के तानाशाह पद से इस्तीफा दे देंगे। और अगर मादुरो जीतते हैं तो मस्क उन्हें मंगल ग्रह की मुफ्त यात्रा कराएंगे।*

### चुनाव परिणाम के बाद निशाने पर मादुरो

*बीते कुछ समय से वेनेजुएला की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। इस दौरान एलन मस्क और मादुरो के बीच दुश्मनी बढ़ गई है। मादुरो को एक समाजवादी तो वहीं, एलन मस्क को पूंजीवादी शख्स के तौर पर जाना जाता है। दोनों के बीच काफी वैचारिक टकराव भी है। हाल ही में राष्ट्रपति चुनाव परिणाम के सामने आने के बाद भी मस्क ने मादुरो की काफी आलोचना की है।*



रायपुर

शनिवार, 3 अगस्त 2024

श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 23, अंक : 17
पृष्ठ : 12+8 = 20, मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 26.6
न्यूनत. 23.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





06 समुद्र की लहरों से खेलती दिखीं कृति

विचार पेज
02 तीसरे विश्व युद्ध का बढ़ रहा खतरा






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## ओलंपिक में भारत का 'जादू', 52 साल बाद पहली बार आस्ट्रेलिया फतह



3-2 से मिली जीत
02 गोल हरमनप्रीत ने दागे
03 जीत भारत की ग्रुप में
1-1 मैच ड्रॉ और हारे

एजेंसी ▶▶ पेरिस

कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और पी आर श्रीजेश की अद्भुत गोलकीपिंग के दम पर भारत ने 52 साल बाद ओलंपिक में आस्ट्रेलिया को हराते हुए आखिरी ग्रुप मैच में इस दिग्गज प्रतिद्वंद्वी पर 3-2 से जीत दर्ज की। भारत ने आखिरी बार पुरुष हॉकी में ओलंपिक में आस्ट्रेलिया को 1972 म्युनिख खेलों ▶▶ शेष पेज 4 पर

**मैच में 5 गोल:** भारत के लिए अभिषेक ने 12वें, हरमनप्रीत ने 13वें और 32वें मिनट में गोल किए। आस्ट्रेलिया के लिए क्रेग थॉमस ने 25वें और ब्लैक गोवर्स ने 55वें मिनट में गोल दागा।

**जख्मों पर लगा मरहम:** इस जीत से भारतीय हॉकीप्रेमियों के उन जख्मों पर मरहम जरूर लगा होगा जो दिल्ली राष्ट्रमंडल खेल 2010 के फाइनल में 8-0 और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में 7-0 से मिली हार के बाद मिले थे।

### लक्ष्य ने सेफा में पहुंचकर रचा इतिहास

लक्ष्य सेन जीत के साथ ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी बने। सेन ने चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन को 19-21, 21-15, 21-12 से हराया। राष्ट्रमंडल चैंपियन लक्ष्य का सामना अब 2021 के विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू और ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलेसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### मनु तीसरे फाइनल में



मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए अभूतपूर्व तीसरे पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मनु ने प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाया।

## खबर संक्षेप

### नजूल जमीन विधेयक 'घर उजाड़ने' का फैसला



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नजूल लैंड के मामले को पूरी तरह से 'घर उजाड़ने' का फैसला करार देते हुए मांग की है कि अमानवीय 'नजूल जमीन विधेयक' हमेशा के लिए वापस हो। सपा प्रमुख यादव ने बात सोशल मीडिया मंच पर कही।

### छत गिरने से माता-पिता व दो बच्चियों की मौत



**अमरावती।** नांदयाल जिले के चिन्नावंगली गांव में एक घर की छत गिर जाने के कारण एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। एक पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार की दरमियानी रात मिट्टी की छत गिर जाने के कारण, गुरु शेखर रेड्डी का परिवार हताहत हुआ।

### राशन वितरण घोटाले में टीएमसी नेता गिरफ्तार



**कोलकाता।** ईडी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा से टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष अनीस उर- रहमान और उसके बड़े भाई को देर रात राशन घोटाले में करीब 14 घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। 'रहमान राज्य के पूर्व वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के 'बहुत करीबी' हैं।

### हत्याकांड में 14 लोगों को आजीवन कारावास की सजा



**बेरहामपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के गजपति जिले की एक अदालत ने करीब 15 वर्ष पहले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में 14 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सामल ने सुनवाई के बाद फैसला सुनाया।

# हिमाचल के सैलाब में 16 की मौत, 48 अब भी लापता, केदारनाथ में फंसे सैकड़ों तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कई राज्यों में ताबड़तोड़ हो रही भारी बारिश ने तबाही मचाकर रखी है। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटे में कम से कम 5 जगह बादल फटने तथा लैंडस्लाइड में 16 लोगों की मौत हो गई है और 48 लापता बताए जा रहे हैं। केदारनाथ क्षेत्र में हजारों तीर्थयात्री फंसे हुए हैं। भारतीय वायुसेना ने चिनूक व एमआई 17 हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर चार हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया। बचाव दलों की टीमें विभिन्न उपकरणों से लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

इधर लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए। उत्तराखंड में केदारनाथ, रुद्रप्रयाग, गुप्तकाशी, भीमबली, अल्मोड़ा हर जगह तीर्थयात्री फंसे हुए हैं। कहीं बादल फट रहे हैं तो कहीं लैंडस्लाइड के कारण बड़े हादसों की रिपोर्ट है।

### 24 घंटे में पांच जगह बादल फटे, केदारनाथ में चार हजार लोगों का रेस्क्यू, चिनूक और एमआई 17 हेलिकॉप्टर उतरे

### वायनाड मलबे से 4 जिंदा निकाले गए, अब तक 308 मौतें

केरल के वायनाड में 30 जुलाई की सुबह लैंडस्लाइड के चार दिन बाद मलबे से 4 लोगों को जिंदा निकाले गए। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष हैं। लैंडस्लाइड के बाद मलबे में दबे इन लोगों को वायनाड के पदावेट्टी कुन्नू इलाके से बचाया गया है। वहीं इस हादसे में अब तक 308 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, रेस्क्यू में जुटे बचावकर्मियों को अब तक 195 शव ही मिले हैं यानी 105 लोगों के शव का कोई ना कोई हिस्सा बरामद हुआ है, जिससे उनकी मौत कंफर्म हुई है।



### मुख्यमंत्री सुक्कखू पहुंचे जायजा लेने

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू रामबन के समेज गांव पहुंचे और उन्होंने वहां का जायजा लिया। तथा गांव के लोगों से बात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सीएम ने अधिकारियों को भी राहत कार्य तेज करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री सुक्खू से बात कर केंद्र की ओर से हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया।

### छग में कम होगा बारिश का प्रभाव, छाए रहेंगे बादल

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्नदाब का क्षेत्र अब अवदाब में तब्दील होगा। ऊंचाई अधिक होने की वजह से इसका प्रभाव बादल छाने तक सीमित रहने की संभावना है। इसके बाद सिस्टम आगे बढ़कर मध्यप्रदेश की ओर चला जाएगा और असर कम हो जाएगा। मानसून द्रोणिका अभी सामान्य स्थिति में है, जिसकी वजह से एक दो स्थानों पर भारी और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर जिले में भारी बारिश हुई है, जिससे वहां बाढ़ की स्थिति बन गई। शेष स्थानों पर वर्षा का असर हल्के से मध्यम रूप में रहा। राज्य में अब तक 638.8 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से सात प्रतिशत अधिक है। 11 जिले में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है, बीजापुर में बादल 110 प्रतिशत अधिक बरस चुके हैं। बारह जिले सामान्य स्थिति में हैं और नौ जिले में वर्षा की कमी है और सबसे ज्यादा संकट सरगुजा संभाग की है।

## पहली बार इंसास के साथ तेलंगाना में दबोचे गए नक्सली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छग में लंबे अरसे से सक्रिय तीन नक्सली व एक नक्सल समर्थक को तेलगांना पुलिस ने इंसास रायफल व लोडेड मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में दक्षिण बस्तर डिविजन में सक्रिय एरिया कमेटी मेंबर पट्टम राजू (25), निवासी बीजापुर भी शामिल है। इसके कब्जे से इंसास रायफल व 29 राउण्ड के दो लोडेड मैगजीन भी बरामद किया गया है।

■ पहली बार इंसास रायफल व लोडेड मैगजीन के साथ गिरफ्तार हुआ एसीएम रैंक का नक्सली

तेलंगाना के भद्राद्री कोट्टागुडेम एसपी के रोहित राजू ने बताया कि 25 जुलाई को हुई मुठभेड़ के बाद भाग निकले प्रतिबंधित नक्सल संगठन मेंबरों का पता लगाने के लिए गुडाला थाना क्षेत्र से फोर्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जुनेजा बने रहेंगे डीजीपी सरकार ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव



जुनेजा के डीजीपी बने रहने के आसार, अब तक यूपीएससी को नहीं भेजा गया पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नक्सल मोर्चे पर सफलता और निर्विवाद कार्यकाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा अगले कुछ महीने अपने पद पर बने रहेंगे ये साफ हो गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार श्री जुनेजा को एक्सटेंशन देने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र को अपनी ओर से प्रस्ताव भेज दिया है। बताया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अटकलों पर लगा विराम

इधर राज्य में डीजीपी बदलने की संभावनाओं को लेकर अटकलों में नए डीजीपी के नाम की चर्चाएं भी तेज हो गई थी। सारी चर्चाओं, अटकलों पर उस समय विराम लग गया जब राज्य सरकार की ओर से श्री जुनेजा को एक्सटेंशन देने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा गया।

## फ्लाई ऐश लाने ले जाने वाले वाहनों में हो जीपीएस और जियो टेगिंग : चौधरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के कार्यालय में राज्य के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा है कि अधिकारी स्वप्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में अपना योगदान दें। कार्यों में पारदर्शिता व तत्परता लायें। मंत्री श्री चौधरी ने निर्देशित किया कि प्रदूषण की प्रभावी रोकथाम के लिये रियल टाईम डेटा को प्राथमिकता दे। उन्होनें फ्लाई ऐश लाने ले जाने के लिये उपयोग किये जा रहे वाहनों में जी.पी.एस सिस्टम व जियो टेगिंग के उपयोग के निर्देश ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ मंत्री ओपी ने की पर्यावरण के कामकाज की समीक्षा

### इन कार्यों की हुई समीक्षा

श्री चौधरी ने परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट नियम के प्रावधानों का पालन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, ई अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, निर्माण विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन एवं नियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, उद्योगों, खदानों, संस्थानों के चिमनी उत्सर्जन, परिवेशीय वायु मापन, उपचारित दूषित जल गुणवत्ता का मापन कार्य, राष्ट्रीय जल गुणवत्ता मापन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक जल स्त्रोतों, परिवेशीय वायु गुणवत्ता के मापन कार्यो की भी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंडल की अध्यक्ष एवं सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग आर. शंगीता एवं मंडल के सदस्य सचिव पी. अरुण प्रसाद भी उपस्थित थे।






### सना को 25 लाख रुपए प्राइज मनी मिली, नेजी को पछाड़ा

# सना मकबूल के सिर सजा बिग बॉस का ताज



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन भी काफी कशमकश भरा रहा। दर्शक इस बात का कयास लगाते रहे कि आखिरकार शो का विजेता कौन होगा जिसका खुलासा हो गया। इस सीजन में सबसे ज्यादा वोट हासिल करके सना मकबूल के सिर विजेता का ताज सजा। नेजी ने उनके साथ टॉप 2 में जगह बनाई थी। सना ने गेम में नाजी को पछाड़ अपनी जीत दर्ज कराई। लव कटारिया और अरमान मलिक के डबल एलिमिनेशन के बाद रणवीर शौरी, साई केतन, कृतिका मलिक, नेजी और सना टॉप 5 में पहुंचे थे। सना को 25 लाख प्राइज मनी मिली। ट्रॉफी जीतने के बाद वो इमोशनल हुईं और अपनी मां के गले लगीं। अनिल कपूर की होस्टिंग में ये शो सक्सेसफुल रहा। ट्रॉफी जीतकर सना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।



### डेढ़ महीने हाई वोल्टेड ड्रामा

डेढ़ महीने बिग बॉस के घर में हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। मेकर्स ने इस सीजन काफी कुछ नया किया। 17 साल में पहली बार हुआ जब कोई बाहरवाला भी शो का हिस्सा था। मोबाइल फोन दिए गए, घरवालों में खूब लड़ाइयां हुईं, किसी को थप्पड़ भी पड़ा। 'भाभी सुंदर लगती है...' इस डायलॉग को लेकर शो के अंदर और बाहर खूब बवाल हुआ।

### शो की मास्टरमाइंड रहीं सना

सना इस सीजन की मास्टरमाइंड बनकर सामने आईं। सना ने पहले दिन से ये तेवर दिखाए कि वह विजेता बनना चाहती हैं। इसे उन्होंने ना सिर्फ 'लड़कियों की जीत' से जोड़ा है, बल्कि वह हार नहीं मानने वाले अंदाज में रहीं। उन्होंने पूरे 6 हफ्ते अपने हिसाब से गेम खेला और विजेता बनीं।

## चिंतन

# दिल्ली के शेल्टर होम में हो रही मौतें दुर्भाग्यपूर्ण

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रशासनिक रूप से बेहद लचर, कमजोर प्रदर्शन कर रही है। जल संकट, वर्षा के बाद जल निकासी की समस्या, मोहल्ला क्लीनिक में सामने आ रही अनियमितताएं और अब शेल्टर होम में 20 दिन में 14 मौत की खबर आई है। इसमें 6 पुरुष, 8 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। मामला रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम का है। यह दिल्ली सरकार की तरफ से संचालित एकमात्र संस्था है, जहां मानसिक रूप से कमजोर लोगों की देखभाल की जाती है। इस शेल्टर होम में फरवरी से अब तक कुल 25 से 27 मौतें हुई हैं। इनमें से 14 मौतें केवल जुलाई में हुई हैं। शेल्टर होम की ओर से दिल्ली सरकार को दी गई रिपोर्ट में दस्त और बेहोशी से मौत होने की बात कही गई है। साथ ही हल्का बुखार और उल्टी की बात भी शामिल हैं। इस मामले में दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने राजस्व विभाग को मजिस्ट्रेट जांच करने और 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। कायदे से देखा जाय तो सरकार की ओर से संचालित एक शेल्टर होम में 20 दिन के अंदर 14 आश्रितों की मौत एक गंभीर मामला है। यह जिम्मेदार लोगों की लापरवाही का मामला प्रतीत होता है। इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। सरकार संचालित शेल्टर होम में लापरवाही और उसकी वजह से मौत नई बात नहीं है। पिछले वर्ष बिहार के मुजफ्फरपुर में एक शेल्टर होम में कई अनियमितताएं सामने आई थीं। जिम्मेदार अफसरों को देखना होगा कि शेल्टर होम में रह रहे आश्रितों की जान की उतनी ही कीमत है, जितनी उनकी अपनी है। राज्य सरकार का दायित्व अपने नागरिकों की रक्षा करने की है। इसमें जिलाधिकारी को मुख्य रूप से देखना चाहिए कि किसी भी शेल्टर होम में सबकुछ ठीक हो। दिल्ली शेल्टर होम मामले में यदि किसी की लापरवाही पाई जाती है, तो उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। कानून सम्मत सजा देनी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार के शेल्टर होम मासूमों की मौत का जाल बन गए हैं। आशा किरण की क्षमता 250 है, उसमें 450 लोग भर्ती हैं। उन्हें ढंग का खाना, पानी और इलाज नहीं मिल रहा है। यह बेशक राजनीतिक आरोप हों, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 1989 में बने इस शेल्टर होम में 500 लोगों के भर्ती होने की क्षमता है, लेकिन यहां 1000 लोग भर्ती हैं। इनके इलाज के लिए यहां सिर्फ 6 डॉक्टर और 17 नर्स हैं। शेल्टर होम में महिलाओं और पुरुषों के लिए 10-10 डॉरमेट्री हैं। आशा किरण शेल्टर होम दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत आती है। इस विभाग के प्रमुख का पद खाली है। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किसी भी मंत्री को विभाग का जिम्मा नहीं सौंपा है। शेल्टर होम पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। 2015 में कैग ने अपनी रिपोर्ट में शेल्टर होम की फंक्शनिंग पर सवाल उठाए थे। रिपोर्ट के अनुसार 2009 से 2014 के बीच 148 मौतें हुई थीं। दिल्ली महिला आयोग की 2017 की रिपोर्ट में भी यहां की सुविधाओं पर चिंता जताई थी। यह मुद्दा संवेदनशील है, इस पर राजनीति न हो, लेकिन दिल्ली सरकार शेल्टर होम संजीदा से चलाए और मौत मामले के जिम्मेदारों को कानून के कटघरे तक पहुंचाए। देश भर के सरकारी शेल्टर होम्स का सोशल ऑडिट होना चाहिए। राज्य सरकार शेल्टर होम्स में सुविधाओं को लेकर सजग नहीं रहती है, बजट का आवंटन भी जरूरत के मुताबिक नहीं होता है।



**इजराइल-ईरान**
प्रभात कुमार रॉय

# तीसरे विश्व युद्ध का बढ़ रहा खतरा

> इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तनाव शैथिल्य करने और गाजा की जंग में इजराइल का पक्ष पेश करने के लिए अमेरिका पहुंचे थे। किंतु इसी बीच इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या कर दी गई और ईरान के सर्वोच्च लीडर अयातुल्लाह खामेनई ने इजराइल पर आक्रमण करने का हुक्म ईरान की हुकूमत को दे दिया। इस कारण से नेतन्याहू अपना अमेरिका का दौरा बीच में ही छोड़कर इजराइल वापस आ गए। विश्व पटल पर अनेक परिवर्तन हाल ही में प्रकट हो चुके हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार सत्तानशीन हो चुकी है। फ्रांस में वामपंथियों का वर्चस्व चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जबकि उनकी पार्टी नबंर एक बनकर उभरी है।

क्या दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के कगार तक आ पहुंची है? यह यक्ष प्रश्न तब उठा है, जबकि ईरान में हमास तंजीम के मिलिट्री कमांडर इस्माइल हानिया का कत्ल कर दिया गया है। विश्वसनीय सूत्र इशारा कर रहे हैं कि इस्माइल हानिया का कत्ल इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद द्वारा अमेरिकन इंटेलिजेंस एजेंसी सीआईए द्वारा प्रदान की गई पुख्ता जानकारी पर अंजाम दिया गया। इस्माइल हानिया के कत्ल के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनई द्वारा ईरान हुकूमत की एक आपातकालीन बैठक में इजराइल पर सीधा हमला अंजाम देने का हुक्म जारी कर दिया गया है।

दूसरी तरफ अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का एक बयान दुनिया के सामने आया है कि इजराइल पर ईरान द्वारा आक्रमण अंजाम दिए जाने की स्थिति में अमेरिका इजराइल की पूरी तरह से हिफाजत करेगा। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीन में गाजा पट्टी पर ताकतवर हमास तंजीम द्वारा 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर एक भयंकर आक्रमण अंजाम दिया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप तकरीबन बारह सौ इजरायली नागरिक मारे गए थे। तभी से इजराइल की फौज द्वारा फिलिस्तीन की गाजा पट्टी पर निरंतर सैन्य आक्रमण जारी रहे हैं। गाजा पट्टी को हमाम तंजीम का सैन्य गढ़ करार दिया जाता है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के सभी सैनिक कमांडरों को कत्ल कर दिए जाने का भी संकल्प व्यक्त किया था। इस्माइल हानिया हमास का सर्वोच्च सैनिक कमांडर था, जो कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के निशाने पर निरंतर बना रहा था। कुछ महीने पहले गाजा पट्टी पर एक मिसाइल हमले में इस्माइल हानिया के तीन बेटों और अनेक पोते-पोतियों का कत्ल कर दिया गया था।

चीन में आयोजित फिलिस्तीनियों के अनेक गुटों के सम्मेलन में जिसमें कि पीएलओ भी शामिल था, इजराइल के विरुद्ध एक संयुक्त सैन्य मोर्चा गठित करने का निर्णय किया गया। इस बैठक में इस्माइल हानिया फिलीस्तीनियों का प्रमुख लीडर बनकर उभरा। हानिया वस्तुतः इजराइल के लिए बड़ा खतरा बन चुका था। अतः उसका कत्ल कर दिया गया। इजराइल के कट्टर दुश्मनों में आजकल फिलिस्तीन की हमास तंजीम, लेबनान की हिज्बुल्लाह तंजीम, यमन के हूती लड़ाके, सीरिया और इन तंजीमों को निरंतर सैन्य सामग्री उपलब्ध कराने वाला और इजराइल के विरुद्ध सैन्य संघर्ष करने के लिए निरंतर प्रेरित करने वाला मुल्क ईरान है। 8 अक्टूबर 2023 से इजराइल की फौज़ ने हमास के ठिकानों पर गाजा पट्टी में धावा बोलना शुरू कर दिया था। हमास के आक्रमण के प्रबल प्रतिशोध में इजराइल की सेना द्वारा गाजा पट्टी पर अंजाम दिए जा रहे नरसंहार में अभी तक तकरीबन पचास हजार फिलिस्तीनियों का कत्ल किया जा चुका है। जब से इजराइल द्वारा गाजा में आक्रमण शुरू किया गया है, तभी से लेबनान में अपने सैन्य अड्डे कायम करने वाली हिज्बुल्लाह तंजीम ने सीमा पार से उत्तरी इजराइल पर गोलाबारी शुरू कर दी थी।

फिलिस्तीन की हमास और लेबनान की हिजबुल्ला तंजीमों ने इजराइल को नेस्तनाबूद करने की ठान रखी है।



हिज्बुल्लाह विगत नौ महीनों से उत्तरी इजराइल और गोलन हाइट्स पर मिसाइलों से निरंतर हमले अंजाम देता रहता है। हाल ही में इजराइली फौज ने दक्षिण लेबनान और उसके आगे के इलाकों पर मिसाइलों से जबरदस्त हमले अंजाम दिए हैं। इस्माइल हानिया के कत्ल के पश्चात उभरे हालात की नजाकत को नजर में रखते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपना अमेरिका का दौरा बीच में ही छोड़कर वापस अपने मुल्क में लौट आए हैं। अपने अमेरिका दौरे में नेतन्याहू ने अमेरिकन पार्लियामेंट के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को अपने युद्ध उन्मादी तेवर के साथ संबोधित किया। इजराइल के दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजालेल स्मोतरिच ने फरमाया है कि इजराइल और हिजबुल्ला के मध्य एक बड़े युद्ध की शुरुआत यथाशीघ्र होने वाली है।

इजराइल के विदेश मंत्री कॉटेज का कहना है कि हिजबुल्ला के सर्वोच्च लीडर नसरुल्लाह को अपना सर देकर इजराइल पर निरंतर जारी आक्रमणों की कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान हुकूमत यदि अपने सैन्य कमांडर सुलेमानी और हमास कमांडर इस्माइल हानिया के कत्ल का बदला लेने के लिए इजराइल पर आक्रमण अंजाम देती है, तो फिर मध्यपूर्व में जारी इस स्थानीय युद्ध को विस्तारित होने से कोई नहीं रोक पाएगा, क्योंकि इजराइल की सैन्य हिफाजत अंजाम देने के लिए ईरान के आक्रमण विरुद्ध जब अमेरिका युद्ध में कूद पड़ेगा तो ईरान के सहयोगी रूस और चीन भी ईरान की हिफाजत करने के लिए युद्ध में अवश्य ही कूद जाएंगे।

इजराइल और फिलिस्तीनियों के मध्य जारी एक स्थानीय युद्ध कहीं विश्व युद्ध में परिवर्तित न हो जाए, इस बात की प्रबल आशंका अपनी विकरालता के साथ विश्व पटल पर मंडरा रही है। अमेरिका द्वारा कूटनीतिक पहल करके इजराइल और हमास के मध्य संघर्ष विराम करने की निरंतर कोशिश से जारी रखी गई, लेकिन युद्ध विराम कराने की अमेरिकन कोशिश नाकाम रही। नेतन्याहू की सरकार गाजा पट्टी में युद्ध विराम करने के लिए कदाचित तैयार नहीं हुई। इसी कारण से दोनों देशों के मध्य कूटनीतिक रिश्तों में तल्खी और तनाव भी उत्पन्न होता हुआ दिखाई दिया। जबकि अमेरिका द्वारा इजराइल सेना को भेजे जाने वाले आधुनिकतम घातक हथियारों की आपूर्ति स्थगित कर दी गई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तनाव शैथिल्य करने और गाजा की जंग में इजराइल का पक्ष पेश करने के लिए अमेरिका पहुंचे थे। किंतु इसी बीच इस्माइल हानिया की तेहरान में हत्या कर दी गई और ईरान के सर्वोच्च लीडर अयातुल्लाह खामेनई ने इजराइल पर आक्रमण करने का हुक्म ईरान की हुकूमत को दे दिया। इस कारण से नेतन्याहू अपना अमेरिका का दौरा बीच में ही छोड़कर इजराइल वापस आ गए।

विश्व पटल पर अनेक परिवर्तन हाल ही में प्रकट हो चुके हैं। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार सत्तानशीन हो चुकी है। फ्रांस में वामपंथियों का वर्चस्व चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जबकि उनकी पार्टी नबंर एक बनकर उभरी है। फ्रांस में भविष्य में बनने वाली अगली सरकार का नेतृत्व वामपंथियों के हाथों में ही होगा। फ्रांस के वामपंथी यूक्रेन और गाजा युद्ध की निंदात्मक आलोचना करते रहे हैं। उम्मीद है कि गाजा युद्ध में यूरोप के अनेक देश अमेरिका का साथ देने से पीछे हट जाएंगे और क्योंकि स्पेन,स्वीडन नॉर्वे और नीदरलैंड आदि देशों की सरकारों ने इजराइल और फिलिस्तीन अर्थात दो राष्ट्रों के विचार के तहत फिलिस्तीन की सरकार को मान्यता प्रदान कर दी है। यहां तक कि इटली की दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री ने चीन यात्रा के दौरान इजराइल हुकूमत से संयम बरतने की अपील की है। नेतन्याहू के नेतृत्व में इजराइल का दुनिया के पटल पर अलग-थलग पड़ते चले जाना भविष्य में खतरनाक साबित हो सकता है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**जलवायु परिवर्तन**
पंकज चतुर्वेदी



# ढहते पहाड़ से बिगड़ता प्राकृतिक संतुलन

भारत में बरसात एक नियामत होती है। मानसून हमारी अर्थ और सामाजिक व्यवस्था का आधार है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के असर के गहराते ही पहाड़ों पर पावस एक त्रासदी के रूप में कहर बरपा रहा है। भारत को वैश्विक स्तर पर भूस्खलन की आशंका वाले शीर्ष पांच देशों में से एक माना जाता है, जहाँ हर साल भूस्खलन की घटना के कारण हर 100 वर्ग किलोमीटर में कम से कम एक मौत की सूचना मिलती है। सन 2015 से जुलाई 22 के बीच देश में पहाड़ों पर भूस्खलन की 2239 घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें सबसे ज्यादा पश्चिन बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में 376 हैं। तमिलनाडु में 196, कर्णाटक में 194 और जम्मू कश्मीर में 184 ऐसी बड़ी घटनाएं हुईं जिनमें पहाड़ लुढ़क गया। देश के कोई 13 फीसदी क्षेत्र, जोकि 4.3 लाख वर्ग किलोमीटर है, को अब भूस्खलन–संभावित माना गया है। वैज्ञानिक शोध कहते हैं कि बढ़ते भूस्खलनों के लिए जलवायु परिवर्तन के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में बदल रही बरसात की प्रकृति और कथित विकास या मानवीय गतिविधियों के चलते पर्वतों के आकार और उनके ढलान में हो रहे परिवर्तन इसकी प्रमुख वजह हैं। प्रकृति में जिस पहाड़ के निर्माण में हजारों-हजार साल लगते हैं, हमारा समाज उसे उन निर्माणों की सामग्री जुटाने के नाम पर तोड़ देता है जो कि बमुश्किल सौ साल चलते हैं। पहाड़ केवल पत्थर के ढेर नहीं होते, वे इलाके के जंगल, जल और वायु की दशा और दिशा तय करने के साध्य होते हैं। जहां सरकार पहाड़ के प्रति बेपरवाह है तो पहाड़ की नाराजगी भी समय-समय पर सामने आ रही है। यदि धरती पर जीवन के लिए वृक्ष अनिवार्य है तो वृक्ष के लिए पहाड़ का अस्तित्व बेहद जरूरी है। वृक्ष से पानी, पानी से अन्न तथा अन्न से जीवन मिलता है। ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन की विश्वव्यापी समस्या का जन्म भी जंगल उजाड़ दिए गए पहाड़ों से ही हुआ है। यह विडंबना है कि आम भारतीय के लिए 'पहाड़' पर्यटन स्थल है या फिर उसके कस्बे का पहाड़ एक डरावनी सी उपेक्षित संरचना। विकास के नाम पर पर्वतीय राज्यों में बेहिसाब पर्यटन ने प्रकृति का हिसाब गड़बड़ाया तो गांव-कस्बों में विकास के नाम पर आए वाहनों के लिए चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए जमीन जुटाने या कंक्रीट उगाहने के लिए पहाड़ को ही निशाना बनाया गया।

भूस्खलन अर्थात ऊंचाई से कीचड़, मलबा और चट्टानों का तेजी से नीचे आना इससे जनजीवन ठहर सा जाता है। सड़क और रेलवे लाइन बाधित होती हैं। उत्तराखंड में तो बरसात के मौसम में चीन सीमा तक जाने वाले रास्तों, बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर लगभग हर हफ्ते पहाड़ गिरते हैं। अचानक मलबा-पत्थर गिरने से सड़कों के अलावा बहुत सी सार्वजानिक संपत्ति को नुकसान होता है और उसके पुनर्निर्माण में भारी धन व्यय होता है। ढलानों से नीचे खिसकने वाला मलबा नदी-नाले को पूरी तरह या आंशिक रूप से अवरुद्ध कर देता है और ऐसे हालात में बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं।

भूस्खलन का सबसे बड़ा कारण तो धरती से हरियाली की छतरी का कम होना है। सरकार ने जिस अरुणाचल प्रदेश को भूस्खलन के लिए सर्वाधिक संवेदनशील माना है, वहां सन 2021 में 257500 वर्ग किलोमीटर में वनों की कटाई दर्ज की गई। पूर्वोत्तर राज्य तो पहाड़ गिरने से अत्यधिक प्रभावित हैं और यहां वनों की कटाई सर्वाधिक है। हिमालय क्षेत्र पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण भूस्खलन की चपेट में आ गया है। पेड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी और चट्टानों को बांधकर रखने वाले प्राकृतिक गुण कम हो जाते हैं। बगैर पेड़ की धरती पर बरसात की बूंदें गोली की तेजी से चोट करती हैं जिससे मिट्टी की उपरी परत कमजोर हो जाती है। जलवायु परिवर्तन के चलते भारी और अनियमित बरसात पहाड़ों के गिरने का बड़ा कारण है। उत्तराखंड में भूस्खलन की तीन चौथाई घटनाएं बरसात के कारण हो रही हैं। दुनिया के सबसे युवा और जिंदा पहाड़ कहलाने वाले हिमालय के पर्यावरणीय छेड़छाड़ कई बार अपना रौद्र रूप दिखा चुका है। पहाड़ को सबसे बड़ा खतरा बढ़ते शहरीकरण और फिर वहां जन सुविधाएं बढ़ाने के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों से हैं।

धर्मशाला हो या नैनीताल , सभी जगह तेजी से कंक्रीट बढ़ रहा है और वहां पहाड़ से पत्थर –मलवा गिरना साल दर साल बढ़ता जा रहा है। यदि पहाड़ से गिरने वाली आफत से निजात पाना है तो पहाड़ों पर हरियाली को बढ़ाना होगा। नदी के किनारे जल ग्रहण क्षेत्र को जितना उन्मुक्त रखेंगे, जल जमाव नहीं होगा और इससे मिट्टी कमजोर नहीं होगी। पहाड़ों पर मवेशी की अत्यधिक चराई भी कम करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
**दर्शन**

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं। व्यसनग्रस्त माता-पिता की संतान यदि दुर्व्यसनों की आदि हो जाती है तो कसूरवार उनकी संतान कैसे हो सकती है।

## शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी



संकलित
**प्रेरणा**

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कृषि प्रधान देश में सब्जियां क्यों महंगी

बारिश न हो तो सूखे के कारण सब्जियों के दाम में वृद्धि हो जाती है और अगर बारिश हो जाए तो भी सब्जियों के खराब होने के कारण दाम बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका क्या हल निकाला जाए, यह शायद कोई नहीं सोचता है। देश में उगाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखकर तो यह लगने लग पड़ता है कि यह कहीं दूर विदेशों से आई हैं। देश के कुछ राज्यों में आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। यह किसी एक सब्जी की आसमान छूती कीमत की बात नहीं है। कभी प्याज तो कभी अन्य सब्जियों के मूल्य आसमान छू जाते हैं। कृषि प्रधान देश में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और फिर भी किसानों की दयनीय दशा सचमुच शर्मनाक है। - **रमेश पटेल**, दुर्ग

## ट्रेंड

### जंक फीस खत्म करेंगे



मेरा प्रशासन उन शुल्कों को वसूलने वाली एयरलाइनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव कर रहा है। इससे चार लोगों के एक परिवार को प्रति राउंडट्रिप 200 डॉलर तक की बचत होगी, और हम सभी जंक फीस को हमेशा के लिए समाप्त करने की दिशा में एक कदम और करीब आ जाएंगे।
**-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### क्रूर रैगिंग



जादवपुर यूनिवर्सिटी में क्रूर रैगिंग की जो घटनाएं हुई हैं, बंगाल पुलिस कैंपस के अंदर क्यों नहीं पहुँच पायी? आपके नाक के नीचे जादवपुर यूनिवर्सिटी में क्या स्थिति है, कभी देखा है आपने? ज्ञान बांटना आसान है।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### प्रीमियम पर जीएसटी हटाएं



भारत सरकार से हमारी मांग है कि लोगों की स्वास्थ्य जरूरतों के आधार पर जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम से जीएसटी वापस लिया जाए। यह जीएसटी खराब है क्योंकि यह लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।
**-ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

### इन्हें आजमाएं



क्या आप चाहते हैं? इन युक्तियों को आज़माएँ। नवीनता की तलाश करें, अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाएं, रचनात्मक ढंग से सोचें, अपने दिमाग को तेज रखने के लिए शॉर्टकट से बचें। नए दृष्टिकोण के लिए नए लोगों से मिलें। **-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

### अमेरिका को पन्नू मामले में भारत से जवाबदेही की उम्मीद



अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले वर्ष अमेरिका की धरती पर उसके एक नागरिक की हत्या की कोशिश के मामले में भारत के एक सरकारी कर्मचारी की कथित भूमिका के संबंध में उनका देश भारत से जवाबदेही की उम्मीद करता है। विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। पिछले वर्ष नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया था। गुरपतवंत सिंह पन्नू के पास अमेरिकी और कनाडाई दोनों नागरिकताएं हैं। गुप्ता को पिछले वर्ष जून में चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। पटेल ने कहा, 'हम पिछले वर्ष गर्मियों में अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के असफल प्रयास में भारत सरकार के एक कर्मचारी की कथित भूमिका के संबंध में भारत सरकार से जवाबदेही की उम्मीद करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम उच्च स्तर पर सीधे भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को उठा रहे हैं।'

## ऑफ बीट

### ओपनएआई के युग में दर्शनशास्त्र महत्वपूर्ण है



नई वैज्ञानिक समझ और इंजीनियरिंग तकनीकें हमेशा प्रभावित और भयभीत करती रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि आगे भी ऐसा होता रहेगा। ओपनएआई ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे इस दशक में मानवीय क्षमताओं को पार करने वाला एआई 'सुपरइंटेलिजेंस' बन जाने का अनुमान है। यह तदनुसार एक नई टीम का निर्माण कर रहा है, और अपने कंप्यूटिंग संसाधनों का 20% यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित कर रहा है कि ऐसे एआई सिस्टम का व्यवहार मानवीय मूल्यों के साथ संरेखित होगा। ऐसा लगता है कि वे नहीं चाहते कि दुष्ट कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवता पर युद्ध छेड़ें, जैसा कि जेम्स कैमरून की 1984 की विज्ञान कथा थ्रिलर, द टर्मिनेटर (बदकिस्मती से, अर्नोल्ड श्वार्ज़नेगर की टर्मिनेटर में 2029 से समय में वापस भेजा गया है) में हुआ था। ओपनएआई समस्या से निपटने में मदद के लिए शीर्ष मशीन–लर्निंग शोधकर्ताओं और इंजीनियरों को बुला रहा है। लेकिन क्या दार्शनिकों के पास योगदान करने के लिए कुछ हो सकता है? अधिक सामान्यतः, अब उभर रहे नए तकनीकी रूप से उन्नत युग में इस सदियों पुराने विषय से क्या उम्मीद की जा सकती है? इसका उत्तर देने के लिए, इस बात पर ज़ोर देना ज़रूरी है कि दर्शन अपनी शुरुआत से ही एआई में सहायक रहा है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
TIME TO LEVEL UP
INTRODUCING
URBANO
EDITION
BREZZA
BREZZA
STARTING AT
₹ 8 49 000*
HOT AND TECHY
BREZZA
THE CITY-BRED SUV
Phone
Music
Maps
Messages
8:33
4G
Now Playing
AV
Podcasts
Audiobooks
Multimedia Pioneer (17.6 cm) Full HD
Rear Skid Plate
BREZZA
Front Skid Plate
Fog Lamp Garnish
Body Side Moulding
Wheel Arch Kit
BREZZA
E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. DONGARGARH: CALL: 9827643832. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH: 8839811678.
*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Offer valid for select models/ variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.

## जैकेट के शेष

### डॉक्टर बनने सरकारी ....

पास पढ़ाई के लिए प्राइवेट मेडिकल कालेज के रूप में कुछ और विकल्प होंगे, मगर फीस पर इसका कुछ खास असर होने की संभावना नहीं है। नीट की परीक्षा में जिन छात्रों के नंबर अच्छे हैं, उन्हें सरकारी कालेजों में एडमिशन मिल जाएगा, मगर जिनके नंबर कम हैं, उन्हें प्राइवेट मेडिकल कालेजों में एडमिशन के लिए मोटी रकम का जुगाड़ करना होगा। राज्य में दस सरकारी मेडिकल कालेज हैं, जिसकी सालाना फीस 55 से 60 हजार के बीच है और एमबीबीएस की पूरी पढ़ाई में ढाई से तीन लाख रुपए का ही खर्च आता है, मगर निजी कालेजों में इसी पढ़ाई के लिए एक साल की फीस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की पूरी पढ़ाई के खर्चे से से दो से ढाई गुना ज्यादा है।

### हाईकोर्ट की फटकार- 'शुक्र ....

कैसे नहीं आ पाए। पीठ ने पूछा कि एमसीडी अधिकारियों ने क्षेत्र में खराब जल निकासी नालियों के बारे में आयुक्त को क्यों नहीं बताया। पुलिस ने कोचिंग मालिक अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को गिरफ्तार किया है।
क्या अपराधी खुद आकर अपराध कबूल करेगा : कोर्ट ने कहा, आप ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे आपके पास कोई अधिकार ही नहीं है। आखिर आप पुलिस हैं। आपको सब कुछ मिलेगा। आप जाकर एमसीडी कार्यालय से फाइलें जब्त कर सकते हैं। आपको बताना होगा कि यह कैसे करना है? आपके अधिकारी नौसिखिए नहीं हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि यह कैसे करना है। क्या आपको लगता है कि कोई अपराधी आपके सामने आकर अपना अपराध कबूल करेगा?

### सड़कों से उठाए गए .....

जांच कार्रवाई में कुल 14 की संख्या में मवेशी, जिसमें 10 बछड़ा एवं 4 गाय शामिल हैं, मृत हालत में पाए गए।
घटना के संबंध में ग्रामवासियों से पूछताछ पर पाया गया, कि ग्राम में फसलों की सुरक्षा हेतु घुमंतू मवेशियों को रखने के लिए एक मकान को चिन्हित किया गया था, जिसमें घुमंतू मवेशियों को पकड़कर रखा जाता था तथा इनकी देखरेख के लिए ग्राम स्तर पर ही एक किसान समिति बनाई गई थी। मकान में तीन कमरे हैं, जिसमें से तीसरे कमरे में मृत मवेशियों के शव पाए गए हैं। ग्रामीणों के बताएं अनुसार तीसरे कमरे में दुर्गंध आने पर कमरे का सिटकनी खोलने पर गायों के मृत होने की जानकारी प्राप्त हुई।

### पूरे देश में नहीं ....

उल्लंघन नहीं हैं। हमने ढांचागत खामियों की ओर ध्यान दिया है। पेपर लीक व्यापक स्तर पर नहीं हुआ है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को आगे के लिए ध्यान रखना चाहिए।

### तालाब में बन ....

क्षेत्र का यह तालाब वर्तमान में 2 से ढाई एकड़ में सिमट कर रह गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल बेंच भोपाल ने एक सामाजिक कार्यकर्ता की याचिका पर पिछले 10 अप्रैल 2024 को राज्य के अतिक्रमण से प्रभावित हुए तालाबों को मुक्त करने शासन को आदेश दिया है। इस आदेश पर नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर के अपर संचालक ने पिछले 12 जुलाई 24 को प्रदेश के सभी निगम आयुक्त और नगर पालिका तथा नगर पंचायत के सीएमओ को पत्र भेजकर जल निकायों एवं स्त्रोतों को सुरक्षित रखने अतिक्रमण मुक्त करने के लिए कार्रवाई करने को कहा है। इस संबंध में एनजीटी ने दिसंबर 2024 तक का समय दिया है। हरिभूमि ने दोनों तालाबों के वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और वहां के पार्षदों से चर्चा की। गंगामुण्डा तालाब के विषय में वार्ड पार्षद राजेश राय ने कहा कि अनुमानित 125 एकड़ का विशाल गंगामुण्डा तालाब में लोगों ने धीरे-धीरे अतिक्रमण कर लिया। जिसके चलते आज की स्थिति में 70 से 75 एकड़ रकबा में ही तालाब का अस्तित्व सिमट कर रह गया है। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि अतिक्रमण के लिए सरकार खुद भी जिम्मेदार है। अब एनजीटी का आदेश आया है तो सरकार को अतिक्रमण हटाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण किसने कराया और इतने साल तक अतिक्रमण होता रहा इसकी जांच होनी चाहिए। तालाब के अस्तित्व खत्म होने के लिए उन्होंने अतिक्रमण को ही एकमात्र कारण बताया। साथ ही कहा कि ऐतिहासिक धरोहर को बचाने अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए।

### जिनके नाम पट्टा ....

बनाया है 2-3 नाम पीएम आवास के लिए प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि जिनके नाम पट्टा है उन्हें ही पीएम आवास का लाभ मिलता है। तालाब का जो एरिया बचा हुआ है, उसे अपने अधीन में लेकर प्रशासन वहां घाट बनाकर सौन्दर्यीकरण कर इसे अतिक्रमण से बचाने की पहल करे। उनका कहना था, जहां लोग सालों से मकान बनाकर बस गए हैं, उन्हें हटाना भी उचित नहीं होगा।

# कथित यौन शोषण, डीपीएस रिसाली में पालकों का प्रदर्शन, एसपी ने कहा-कोई मामला नहीं

## नेवई थाना क्षेत्र की घटना, कार्रवाई का आश्वासन के बाद पालक हुए शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पांच वर्षीय मासूम के साथ हुए यौन शोषण मामले में शुक्रवार की सुबह से ही रिसाली स्थित डीपीएस में पालको का जमकर प्रदर्शन हुआ। आरोप है कि स्कूल में पांच वर्षीय बच्ची से यौन शोषण हुआ है। जिसे लेकर सभी पालकगण पहुंचकर दोषी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन दोषी को बचाने का प्रयास कर रहा है। स्कूल के बाहर चले घंटों चले हंगामा के बाद स्कूल प्रबंधन व पुलिस के कार्रवाई का आश्वासन के बाद पालक शांत हुए।

मिली जानकारी के मुताबिक रिसाली डीपीएस में भारी संख्या में पालक पहुंचे और डीपीएस प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। भीड़ स्कूल के मेन इंट्री तक पहुंची। स्कूल परिसर में पालक वी वांट जस्टिस का नारा लगा रहे थे। पालकों ने इस दौरान प्राचार्य से मिलने की मांग कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख स्कूल प्रबंधन ने थाने में सूचना दी। एएसपी सुखनंदन राठौर मौके पर फोर्स लेकर पहुचे थे। आरोप है कि डीपीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा मामला दबाने के प्रयास के बाद शुक्रवार को पालकों का आक्रोश देख कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस बच्ची के साथ यौन शोषण हुआ, उसके माता-पिता के सपोर्ट में सैकड़ों की संख्या में पालक स्कूल पहुंचे थे। पालकों ने इस पूरे मामले में स्कूल प्रबंधन पर दोषी को बचाने का आरोप भी लगाया।





### शहर के माहौल को खराब करने की कोशिश, कोई मामला ही नहीं : एसपी

स्कूल में किसी भी प्रकार का यौन शोषण का मामला नहीं हुआ है। स्कूल को बदमान करने के लिए दुष्प्रचार किया जा रहा है। पुलिस ने इससे जुड़े हर पहलुओं को बारीकी से जांच किया है। यह बातें एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने पत्रकारवार्ता में कही है। एसपी ने कहा कि तथाकथित घटना तीन सप्ताह पुरानी है और यह खबर मीडिया में ही प्रकाशित हुई थी, जबकि ऐसा कोई मामला नहीं है। शहर का माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। पुलिस के अधिकारियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सूचना मिलने पर तुरंत बच्ची के परिजनों और स्कूल के कर्मियों से पूछताछ की। पुलिस मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए बिना किसी लिखित सूचना के ही महिला और बालक विरुद्ध अपराध इकाई की टीम से जांच कराई गई। टीम ने जांच के दौरान बच्ची के माता-पिता, बच्ची से मिलकर पूछताछ किया गया। स्कूल का सीसीटीवी फूटेज चेक भी किया। भविष्य लिये सीसीटीवी फूटेज को सुरक्षित भी रखा गया। बच्ची के क्लास टीचर, प्रधान अध्यापिका, आया से घटना को लेकर पूछताछ की गई। मामले से जुड़े चिकित्सकों से इसे लेकर पूछताछ कर पूरी जानकारी ली गई। तब उनके द्वारा बच्ची के साथ प्रथम दृष्टया कोई दुष्कर्म नहीं होना बताया है। इसे लेकर बच्ची के परिजनों को लिखित आवेदन देने के लिए कहा गया है। जिससे विस्तृत जांच की जा सके और उनके द्वारा किसी प्रकार का सन्देह नहीं जताते हुए शिकायत नहीं किया है। परिजनों ने किसी भी प्रकार की जांच नहीं चाहने का अनुरोध पुलिस से किया है।

## पेज एक के शेष

### ओलंपिक में भारत का...

में हराया था। वहीं सिडनी ओलंपिक 2000 में आस्ट्रेलिया से 2-2 से ग्रुप मैच ड्रॉ रहा था। आस्ट्रेलिया ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में ग्रुप मैच में भारत पर 7-1 से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम पूल चरण में तीन जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ बेल्जियम के बाद दूसरे स्थान पर रही और क्वार्टर फाइनल में उसका सामना पूल ए की तीसरे नंबर की टीम से होगा।
**'दीवार' ने बचाए गोल** : टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत के लिए जहां श्रीजेश ने सही मायने में 'दीवार' की तरह काम करते हुए असंख्य गोल बचाए तो हर मैच में गोल करते आए हरमनप्रीत ने उस सिलसिले को बरकरार रखा। वहीं पहली बार ओलंपिक खेल रहे डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह और फॉरवर्ड अभिषेक ने विरोधी के रसूख से विचलित हुए बिना बेखौफ हॉकी खेली।
**हेड टू हेड रिकॉर्ड** : इस मैच से पहले ओलंपिक में भारत ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 मैचों में से सिर्फ तीन (1960 रोम क्वार्टर फाइनल, 1964 टोक्यो सेमीफाइनल और 1972 म्युनिख ग्रुप मैच) मैच जीते थे जबकि आस्ट्रेलिया ने छह जीते और दो ड्रॉ खेले थे।

### पहली बार इंसास...

रवाना की गई थी। गुरूवार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे तीन पुरुष व एक महिला सर्चिंग टीम को देखकर छिपने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में शामिल पट्टम राजू पिता पांडु (25), निवासी बीजापुर वर्ष 2019 में डीकेएसईसी में दक्षिण बस्तर डिवीजन में शामिल हुआ था तथा वर्ष 2022 इसे एसीएम में पदोन्नत किया गया था। उसके कब्जे से इंसास रायफल भी बरामद किया गया। वह तेलंगाना व छत्तीसगढ़ की माओवादी संगठन के सदस्यों के साथ शामिल होकर 42 घटनाओं में शामिल था। उसके कब्जे से 29 राउंड की दो लोडेड मैगजीन व घातक हथियार बरामद किया गया। दोनों राज्यों में हुई 19 नक्सल वारदातों में सक्रिय रूप से शामिल था ओयम पोंडू : इसके अलावा गिरफ्तार नक्सलियों में ओयम पोंडू उर्फ रमेश (25) छग के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। यह दिसंबर 2020 में डीकेएसआईसी मेंबर के पद पर बस्तर डिविजन में सक्रिय था। दोनों राज्यों में हुए 19 नक्सल वारदातों में यह सक्रिय रूप से शामिल था।
इसके कब्जे से नक्सली वर्दी के अलावा 303 रायफल की 12 गोली व अन्य सामान बरामद किया गया। इसके अलावा गिरफ्तार पूनेम दुक्की निवासी तेलंगाना राज्य के मुलुगु जिले के डुडेकुलपल्ली गांव की रहने वाली है। वह मई 2023 में तेलंगाना राज्य कटुरु चूहादेवपुर पारिया समिति में एक कैडर सदस्य के रूप में प्रतिबंधित पेनुका माओवादी पार्टी में शामिल हुईं थी। इसके खिलाफ तेलगांना व छग में 13 मामले दर्ज है। इसके अलावा एक नक्सल समर्थक श्यामला मुकेश निवासी भद्राद्रि कोठागुडेम जिला, गुंडाला मंडल के रामतोगु गांव का निवासी है, वह पिछले कुछ समय से प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी पार्टी के समर्थक के तौर पर काम कर रहा था। इसके कब्जे माओवादी पर्चा व बैनर बरामद किया गया है। शहीदी सप्ताह मनाने की बना रहे थे योजना : एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली व समर्थक रामराशोगु में बैठकें कर रहे थे। जिले में पार्टी के पुनर्गठन के लिए शहीदों के बलिदान के बारे में बात करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार सभी नक्सलियों के खिलाफ गुंडाला पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने तेलगांना व जिले में सक्रिय प्रतिबंधित माओवादी पार्टी में गुमनाम रूप से काम करने वाले सदस्यों से समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की है।

### फ्लाई ऐश लाने ले...

दिये, जिससे कि फ्लाई ऐश इधर-उधर न फेका जा सके। वृक्षारोपण में शामिल हो पीपल और नीमः श्री चौधरी ने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उद्योगों को प्रदान किये गये पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो में शामिल वृक्षारोपण की शर्त का पूरी तरह से पालन हो। वृक्षारोपण के सर्वाईवल के निरीक्षण का एक सिस्टम तैयार किया जाये। सभी क्षेत्रीय अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वें अपने-अपने क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण करें एवं इन पेड़ों में पीपल, नीम आदि पेड़ शामिल किये जाए। वाहन प्रदूषण नियंत्रण पर जोर देते हुये निर्देशित किया कि सभी क्षेत्रीय अधिकारी वाहन प्रदूषण मापन प्रदूषण जॉच सिस्टम को शक्तिशाली बनाये एवं वाहन प्रदूषण मापन केन्द्रो की समय-समय पर बैठक आयोजित करें।

### जुनेजा बने रहेंगे...

गया है कि यह एक्सटेंशन 6 महीने तक के लिए हो सकता है। श्री जुनेजा इसी महीने की चार तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले थे। माना जा रहा था कि उनके स्थान पर नए डीजीपी की नियुक्ति हो जाएगी, लेकिन इस नई नियुक्ति के लिए डीपीसी नहीं की गई थी। यह डीपीसी यूपीएससी दिल्ली में होने वाली थी।

# पावर प्लांट के बांध के 9 गेट हुए जाम सुबह 5 बजे से बांध के ऊपर बह रहा पानी

## प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र के 6 गांवों को कराया खाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

लगातार हो रही वर्षा से विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम चिकनी में वेनिका हाइड्रो पावर प्लांट के बांध से पानी का ओवरफ्लो होने के कारण खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है। सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने के बाद खतरे की स्थिति को देखते हुए नदी किनारे बसे 6 गांवों को खाली करा दिया है।

सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखंड ओड़गी के ग्राम पंचायत चिकनी में वेनिका हाइड्रोपावर प्लांट द्वारा कांक्रीट बांध निर्माण कर लंबे समय से विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है। लगातार हो रही बारिश से बांध में जलभराव की स्थिति को देखते हुए प्लांट के कर्मचारियों ने बांध के नौ गेट में से दो को खोला था। बांध के गेट का संचालन विद्युत से किया जाता है। रात में प्लांट की विद्युत आपूर्ति बंद होने के कारण तकनीकी खराबी के कारण बांध के दोनों गेट स्वतः बंद हो गए। इस बांध के लबालब होने के साथ गेट के जाम होने के कारण सुबह 5 बजे से ही पानी तेज रफ्तार से बांध के ऊपर से बह रहा है। इसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार को दोपहर कलेक्टर रोहित व्यास एसडीएम सागर सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी आने के कारण बांध के सभी 9 गेट जाम हो गए हैं।

### 21 मीटर ऊंचा है बांध

वेनिका हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट ने वर्ष 2018 में महान नदी पर 21 मीटर ऊंचा एवं 200 मीटर लंबा कंक्रीट बांध बनाया है। बिजली उत्पादन के लिए बांध एवं नदी के पानी का उपयोग किया जाता है। बांध के सभी 9 गेट के जाम होने के कारण यह समस्या निर्मित हुई है। हालांकि वर्षा की रफ्तार कम होने के बाद ओवरफ्लो में कुछ कमी आई है लेकिन अभी भी स्थिति खतरनाक बनी हुई है।
**बरती जा रही सावधानी** : एहतियात के तौर पर नदी किनारे के गांवों को खाली कराने एवं ग्रामीणों के ठहरने की व्यवस्था ऊपरी क्षेत्र के गांवों में करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही राजस्व अमले को तैनात किया गया है। बांध के क्षतिग्रस्त होने पर निचले क्षेत्र के ग्रामों में बाढ़ आने की संभावना को देखते हुए सभी को अलर्ट किया गया है।
**- रोहित व्यास**, कलेक्टर, सूरजपुर

### फिलीपीन : इमारत में आग से 11 की मौत

**मनीला।** फिलीपीन की राजधानी मनीला के भीड़भाड़ वाले चाइनाटाउन जिले में एक छोटी सी इमारत के एक हिस्से में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आग लगने के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। आग पर काबू पाने के लिए लगभग 14 फायर ट्रक दो घंटे से अधिक समय तक संघर्ष करते रहे। आग दुनिया के सबसे पुराने चाइनाटाउन में से एक में पुरानी पांच मंजिला इमारत में लगी। यह राजधानी में नदी किनारे स्थित घनी आबादी वाला हिस्सा है।

अनुलग्नक

**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अधीन एक संलग्न कार्यालय, नमक आयुक्त संगठन (एससीओ) में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण पर उप नमक आयुक्त के पद के लिए विज्ञापन।**

एससीओ के मुख्यालय, जयपुर में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण (अल्पकालिक अनुबंध सहित) पर 7वें वेतन आयोग के अनुसार लेवल-12 के ग्रेड वेतन 7600/- रुपये में उप नमक आयुक्त के एक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

योग्यता, अनुभव, प्रतिनियुक्ति की अवधि https://dpiit.gov.in और http://www.saltcomindia.gov.in पर विस्तृत विज्ञापन में देखी जा सकती है।

आवेदन पत्र विधिवत भरा हुआ होना चाहिए तथा सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ लिफाफे पर '' **प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप नमक आयुक्त (डीएससी) के पद के लिए आवेदन**'' लिखा होना चाहिए, जिसे उचित माध्यम से इस पते पर भेजा जा सकता है :- अवर सचिव, नमक अनुभाग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य भवन, पूर्वी विंग, प्रथम तल, 16-ए, अकबर रोड, नई दिल्ली - 110011, ईमेल: salt-section@gov.in

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन है।

यह एक अस्थायी रिक्ति है जिसे बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

**CBC 05201/11/0006/2425**

# आरआरवीयूएनएल ने छग में दूसरी कोयला खदान खोलने की योजना बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर





सरगुजा के उदयपुर विकास खंड में पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा प्रस्तावित केंते एक्सटेंशन खुली खदान परियोजना के लिए जन सुनवाई शुक्रवार को हुई। राजस्थान राज्य के स्वामित्व वाली राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) 1760 हेक्टेयर में फैली 11 मिलियन टन की वार्षिक कोयला उत्पादन क्षमता वाली एक नई कोयला खदान और एक अत्याधुनिक वाशरी परियोजना खोलेगी। आरआरवीयूएनएल को यह सफलता सरगुजा स्थित 15 मिलियन टन कोयला उत्पादन वाली परसा ईस्ट केते बासन (पीईकेबी) खदान के 12 साल के सफल संचालन और समुदाय लक्षी कार्यक्रमों के कारण मिली है। कोयला मंत्रालय ने पीईकेबी ब्लॉक को इसके उत्कृष्ट संचालन के लिए प्रतिष्ठित फाइव-स्टार रेटिंग प्रदान की है। आरआरवीयूएनएल ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास सहित अन्य चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों में पर्याप्त निवेश किया है। इसके चलते राजस्थान एक और कोयला ब्लॉक के लिए सैकड़ों स्थानीय लोगों के समर्थन करके आरआरवीयूएनएल की प्रभावशाली सीएसआर पहलों को मान्यता दे दी है।

**कार्यालय नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /227/ लो.नि.वि/न.पं./2024-25 — डौण्डीलोहारा दिनांक: 01/08/2024

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत डौण्डीलोहारा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार / स्व. सहायता समूह (NGO) से कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त 15 वार्डो में जल प्रदाय, हस्त पंप संधारण तथा सफाई कार्य श्रमिक (प्लेसमेन्ट कार्य) के कार्यों के लिए एस.ओ.आर. दर पर निविदा प्रपत्र (ए) में मुहरबंद लिफाफे में तृतीय लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 12.08.2024 समय 3.00 बजे तक
2. परीक्षण पश्चात निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक व समय - 20.08.2024 समय 4.00 बजे तक
3. स्पीड पोष्ट/पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में निविदा प्राप्त होने का दिनांक - 28.08.2024 समय 3.00 बजे तक
4. निविदा खुलने का दिनांक व समय - 28.08.2024 समय 4.00 बजे

उपरोक्तानुसार कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत, डौण्डीलोहारा के नोटिस बोर्ड पर एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेवसाईट में www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें एवं समय पर कर अदा करें।

''स्वच्छ नगर, स्वच्छ डौण्डीलोहारा सम्पूर्ण कर समय पर अदा करें''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डौण्डीलोहारा,
जिला- बालोद (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5591



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

### शब्द पहेली- 5590 का हल



## सूडोकु नवताल - 5602

★★★★☆ मध्यम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5601 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना
अधिक जानकारी के लिए
1800-890-0215
टोल फ्री नंबर
फॉर्म डाउनलोड करने के लिए
स्कैन करें
https://www.jharkhand.gov.in/wcd
मिमित् मिसएराको
बो़छो़र पिछा़ 12 हजार
रा़सका़ रेयाक् बा़सकिस
सोबेन मिसी कुई को
सोबेन सिरुमे गेल
बरहजार टाका
रांसा रिया उपहार
हर बहिन के
हर साल
₹12 हजार
खुशी कर उपहार
हुरमि बहिनर गे
बछर गइनका
12 हजार
खुसमारना गहि भेंट
सोबेन मिसि को
सोबेन सिरमा गेल
बर हजार टका
रेआ रसिका देंगा नमोगा
हर बहना को
हर साल
₹12 हजार
खुशियों का उपहार
आवेदन फॉर्म
नि:शुल्क
PR NO - 331680 (IPRD)
3 अगस्त 2024
आज से
शुभारंभ
आवेदन जमा करते समय जरूरी है :-
आधार कार्ड
मतदाता पहचान पत्र
राशन कार्ड
रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो (एक)
आधार से जुड़ा बैंक खाता का पासबुक (बैंक खाता एकल (सिंगल) होना चाहिए)
जिनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकती हैं, उसके पश्चात बैंक खाता को आधार से जुड़वाना जरूरी है
पात्रता संबंधी घोषणापत्र
3 से 10 अगस्त तक विहित प्रपत्र में आवेदन जमा करने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन:
ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत भवन
शहरी क्षेत्र में संबंधित जिला उपायुक्त द्वारा चयनित केंद्र
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
विशेष कैंप के बाद भी आवेदन नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में कभी भी जमा किया जा सकता है।
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# रैपर नेजी फर्स्ट और रणवीर शौरी सेकंड रनरअप रहे

6 हफ्तों के इतंजार के बाद रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 की ट्रॉफी टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल ने जीती। वहीं, रैपर नेजी फर्स्ट और रणवीर शौरी सेकंड रनरअप रहे। सना रिजल्ट सुनने के बाद ट्रॉफी लिए बिना अपनी मां के पास चली गईं। दरअसल, उनकी मां बहुत ज्यादा इमोशनल हो गई थीं। ऐसे में वह उन्हें गले लगाने गईं और फिर आकर उन्होंने अपनी ट्रॉफी ली। रणवीर शौरी के बाहर निकलने के बाद सना मकबूल खुशी के मारे रो पड़ीं। उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि वह और नेजी टॉप-2 में पहुंचे।

## बिग बॉस ओटीटी 3 : 'भाभी सुंदर लगती है...' डायलॉग को लेकर खूब हुआ था बवाल

**नई दिल्ली।** डेढ़ महीने बिग बॉस के घर में हाई वाल्टेज ड्रामा हुआ। मेकर्स ने इस सीजन काफी कुछ नया किया। 17 साल में पहली बार हुआ जब कोई बाहरवाला भी शो का हिस्सा था। मोबाइल फोन दिए गए, घरवालों में खूब लड़ाइयां हुईं, किसी को थप्पड़ भी पड़ा. 'भाभी सुंदर लगती है...' इस डायलॉग को लेकर शो के अंदर और बाहर खूब बवाल हुआ। रणवीर शौरी ट्रॉफी जीतने के हकदार माने जा रहे थे, लेकिन आखिरी पड़ाव में आकर वो टॉप 2 से बाहर हुए। रणवीर के ट्रॉफी हारने पर दीपक चौरसिया काफी इमोशनल नजर आए। वहीं, साई केतन राव भी बिग बॉस की ट्रॉफी जीतने से चूक गए। साई के बाहर होने से उनकी मां और गर्लफ्रेंड दुखी हुए। अरमान मलिक की दूसरी पत्नी कृतिका ट्रॉफी टॉप 4 में अपनी जगह नहीं बना पाईं। कृतिका को ट्रॉफी हारने का अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं खुश हूं यहां तक पहुंचीं। फिनाले से वक्त एक बार फिर अनिल कपूर ने अरमान और विशाल को एकसाथ बैठाया था। दोनों में कृतिका के मुद्दे को लेकर फिर से लड़ाई हुई। यहां लवकेश ने फिर यू-टर्न लिया। उन्होंने इस बार विशाल का साथ दिया। फिनाले में अरमान मलिक की दोनों बीवियां इमोशनल हुईं। तलाक की बात को लेकर पायल ने कृतिका से माफी मांगी। दोनों रोने लगीं। पायल को रोते हुए देख अरमान ने उन्हें संभाला।



### अनिल कपूर ने कंटेस्टेंट्स को दिए टाइटल

अनिल कपूर ने शिवानी कुमारी को 'कबूतर जा' का और साई केतन राव को 'ये कौन है' का टाइटल दिया। साई केतन राव घर से बाहर निकलते ही अनिल कपूर से बात करते हैं और बिग बॉस ओटीटी के घर को 'पागल घर' कहते हैं। अपने बेटे को देखकर साई की मां भावुक हो जाती हैं। ऐसे में साई जल्दी से जाकर अपनी मां को गले लगा लेते हैं। श्रद्धा कपूर और नेजी की जुगलबंदी हुई। श्रद्धा ने 'तेरी गलियां' गाना गाया। वहीं नेजी ने उसमें रैप का तड़का लगाया।

### शादी की बात पर शरमाई साई की गर्लफ्रेंड

अनिल कपूर ने साई की गर्लफ्रेंड शिवांगी खेडकर से शादी को लेकर सवाल किया। जिसका जवाब देने से वो शरमाती दिखीं। लेकिन, साई की मां की तरफ से उनके रिश्ते को क्लीनचिट मिल चुकी है। पूरे सीजन सना मकबूल और रणवीर शौरी के छत्तीस का आंकड़ा रहा। लेकिन फिनाले के दिन अनिल कपूर ने दोनों को साथ आने को कहा। उन्होंने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर खिंचाई की।



### घरवालों से मिले कंटेस्टेंट्स

फिनाले से ठीक पहले कंटेस्टेंट्स की उनकी घरवालों से मुलाकात कराई गई। 6 हफ्तों के बाद अपनों से मिलकर सभी इमोशनल हुए। नेजी के पापा, सना की मां, साई केतन की गर्लफ्रेंड और कृतिका की मां शो में आई थीं। शो के टॉप 5 खिलाड़ी रणवीर शौरी, सना मकबूल, नेजी, साई केतन राव, कृतिका मलिक थे।



# दिशा को बहुत याद करती हैं मुनमुन

**सामान्य निर्देश :-** 1. काउंसिलिंग में किया गया सीट का आबंटन प्राविधिक होगा। काउंसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जावेगा। 2. एक पाठ्यक्रम हेतु एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी भी कारणवश कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पा रहा है। तो वह अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों में अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र ले जाकर अपनी समस्या का निदान कर सकता है। 3. कॉउंसिलिंग के प्रत्येक चरण हेतु अभ्यर्थी को पृथक से आवेदन करना होगा, एवं इससे यदि पूर्व चरण में प्रवेश लिया है तो वह स्वतः निरस्त हो जायेगा। 4. रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं खुली रहेंगी। 5. ऑनलाइन कॉउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु नियंत्रण कक्ष, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, कक्ष क्रमांक-01, ब्लॉक-3, चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2221376 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है या cgdtecounselling@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।
G-242501581/2
संचालक,
तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़

# रिकॉर्ड 7.28 करोड़ आयकर रिटर्न तय सीमा तक हुए दाखिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि 31 जुलाई की निर्धारित समयसीमा तक रिकॉर्ड 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।

■ पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक

कर विभाग ने एक बयान में कहा कि आकलन वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए हैं। पिछले साल 6.77 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे।

## आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए जारी किया आंकड़ा

### ई-फाइलिंग पोर्टल से 43.82 फीसदी आईटीआर दाखिल

इसमें से 43.82 प्रतिशत से अधिक आईटीआर ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन आईटीआर का उपयोग करके दाखिल किए गए हैं और बाकी ऑफलाइन आईटीआर का उपयोग करके दाखिल किए गए हैं। इस दौरान ई-फाइलिंग पोर्टल ने अंतिम समय में रिटर्न दाखिल करने वालों की भारी भीड़ को सफलता पूर्वक संभाल लिया।




### अंतिम दिन 69.92 लाख से अधिक रिटर्न दाखिल

वेतनभोगी करदाताओं और अन्य गैर-कर लेखा परीक्षा मामलों के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2024 थी। इस समयसीमा के अंतिम दिन यानी 31 जुलाई को 69.92 लाख से अधिक रिटर्न दाखिल किए गए।

*करदाताओं के प्रति जताया आभार : बयान में आईटीआर और फॉर्म दाखिल करने में समर्थन के लिए कर पेशेवरों और करदाताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा गया कि आईटीआर दाखिल करने के 30 दिनों के भीतर अपने असत्यापित आईटीआर का सत्यापन कर लें। विभाग ने कहा कि जो करदाता किसी वजह से नियत तिथि के भीतर अपना आईटीआर दाखिल करने से चूक गए थे, वे इसे जल्द पूरा करें।*

*नई कर व्यवस्था में 5.27 करोड़ रिटर्न दाखिल*

*विभाग के बयान के मुताबिक, ''आकलन वर्ष 2024-25 के लिए दाखिल किए गए कुल 7.28 करोड़ आईटीआर में से नयी कर व्यवस्था के तहत 5.27 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए हैं। वहीं पुरानी कर व्यवस्था में दाखिल रिटर्न की संख्या 2.01 करोड़ है।' इस प्रकार, लगभग 72 प्रतिशत करदाताओं ने नई कर व्यवस्था को चुना है, जबकि 28 प्रतिशत करदाता पुरानी कर व्यवस्था में बने हुए हैं।*

*पोर्टल पर पहली बार आईटीआर फार्म अपलोड*

*ऐतिहासिक रूप से पहली बार आईटीआर (आईटीआर-1, आईटीआर-2, आईटीआर-4, आईटीआर-6) को वित्त वर्ष के पहले दिन यानी एक अप्रैल, 2024 को ही विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया था।*

## खबर संक्षेप

### सोना 350 रुपए मजबूत चांदी 200 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** घरेलू मांग बढ़ने और मजबूत वैश्विक रुख के कारण स्थानीय सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ 350 रुपये चढ़कर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोना 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### हिंदुस्तान जिंक के मुनाफे में 19 प्रतिशत की वृद्धि

HINDUSTAN ZINC
Zinc & Silver of India

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.3 प्रतिशत बढ़कर 2,345 करोड़ रुपये हो गया है। तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,964 करोड़ रुपये रहा था। उसकी आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 8,398 करोड़ रुपये हो गई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,564 करोड़ रुपये थी।

### जीएसके फार्मा का शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत बढ़ा




नई दिल्ली। दवा कंपनी ग्लैक्सोस्मिथ क्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (जीएसके फार्मा) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 37.87 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 182.33 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 132.25 करोड़ रुपये रहा था।

## सेबी की चेयरपर्सन बुच ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा

# सेबी आईपीओ मंजूरी में तेजी लाने के लिए एक तंत्र पर काम कर रहा है: बुच

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने शुक्रवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक आईपीओ मंजूरी में तेजी लाने के लिए एक तंत्र पर काम कर रहा है। बुच ने फिक्की के 'कैपम' कार्यक्रम में कहा कि इसके अलावा सेबी तेजी से मंजूरी के लिए कंपनियों द्वारा दाखिल किए जा रहे हैं।

आईपीओ दस्तावेजों की जांच के लिए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण भी विकसित कर रहा है। यह उपकरण दिसंबर तक उपलब्ध हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईपीओ प्रक्रिया के इर्द-गिर्द एक जटिलता कायम है जैसे कि एक जटिल 'ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस' दाखिल करना। अब इस प्रक्रिया को इससे मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### भिन्नता समझाने के लिए अलग से कॉलम होगा

विस्तार से बताते हुए बुच ने कहा कि सेबी एक ऐसी प्रक्रिया पर काम कर रहा है, जिसमें एक 'टेम्पलेट' होगा, जहां कंपनियां आईपीओ दस्तावेज तैयार करने के लिए रिक्त स्थान भर सकेंगी। किसी भी जटिलता को स्पष्ट करने तथा किसी विशेष पहलू पर भिन्नताओं को समझाने के लिए एक अलग 'कॉलम' होगा।

- आईपीओ दस्तावेजों की जांच के लिए एआई कर रहे विकसित
- एआई के दिसंबर 2024 तक उपलब्ध होने की संभावना
- आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने की प्रकिया जटिल है

### इंट्राडे को निवेश समझने की भूल न करे

इसी कार्यक्रम में एनएसई के मुख्य कार्यकारी एवं प्रबंध निदेशक आशीष कुमार चौहान ने छोटे निवेशकों से 'डेरिवेटिव' में कारोबार करने से दूर रहने का आग्रह किया। चौहान ने कहा कि सुबह खरीदना और शाम को बेचने को ''निवेश'' समझने की भूल न करें। साथ ही सही नियमन और अनुपालन की वकालत भी की।




*कार्यान्वयन की कोई समय सीमा तय नहीं*

*चेयरपर्सन ने कहा, 'दस्तावेज सटीक और अर्थपूर्ण होगा तथा इसमें किसी भी प्रकार के बदलाव को अलग से समझाया जाएगा।' हालांकि, उन्होंने योजना के कार्यान्वयन के लिए कोई समय-सीमा या इसके लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।*

*निवेश को बढ़ावा देना जरूरी : वहीं फिक्की के अध्यक्ष एवं ऑटो प्रमुख महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यकारी अनीश शाह ने कहा कि आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निजी कंपनियों के लिए निवेश को बढ़ावा देना जरूरी है।*

### एनएसई ने गारंटीड रिटर्न के प्रति किया आगाह

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश पर 'गारंटीड रिटर्न' का दावा करने वाली एक संस्था के प्रति शुक्रवार को आगाह किया। एक्सचेंज को उसके पंजीकृत शेयर ब्रोकर के एक अधिकृत व्यक्ति द्वारा 'गारंटीड रिटर्न' की पेशकश करने और निवेशकों से ऐसे सुनिश्चित रिटर्न पर 'कमीशन' वसूलने की जानकारी मिलने के बाद उसने यह बयाज जारी किया।

### पंजीकृत ब्रोकर पर एनएसई का बयान

एनएसई ने एक बयान में कहा, '' एक्सचेंज के संज्ञान में यह बात लाई गई कि हमारे एक पंजीकृत शेयर ब्रोकर के अधिकृत व्यक्ति अमित लिल्हारे विभिन्न पतों के जरिये परिचालन करते हुए शेयर बाजार में निवेश पर सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न देने का दावा कर रहा है और अपने व्यक्तिगत बैंक खातों में निवेशकों से ऐसे सुनिश्चित/गारंटीकृत रिटर्न पर 'कमीशन' ले रहा है।''

### अपंजीकृत संस्थाओं के प्रति किया आगाह

एक्सचेंज ने कहा कि वह सदस्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की प्रक्रिया में है। इससे पहले फरवरी में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों को उन अपंजीकृत संस्थाओं में पैसा लगाने को लेकर आगाह किया था, जो निवेश पर सुनिश्चित या असाधारण रूप से अधिक 'रिटर्न' का वादा करती हैं।

# अमेरिका ने हिला दिया भारतीय बाजार, 4.56 लाख करोड़ स्वाहा!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका में मंदी की आशंकाओं के चलते वॉल स्ट्रीट में बिकवाली के बाद आज भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में भारी गिरावट से बीएसई का मार्केट कैप शुक्रवार को 4.56 लाख करोड़ रुपये घटकर 457.06 लाख करोड़ हो गया।सेंसेक्स में 700 अंकों की गिरावट आई और निफ्टी में 200 अंकों से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले अमेरिकी शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखी गई थी। कई दिग्गज शेयर 5 फीसदी तक टूट चुके हैं। दरअसल, अमेरिका में मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई डाटा में बड़ी कमी आई है, जो संकेत दे रहा है अमेरिका में मंदी आ सकती है। साथ ही बेरोजगारों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी भी हुई है। जिसका असर सीधे अमेरिकी बाजार पर पड़ा है। वहीं आईटी सेक्टर में छंटनी के ऐलान से भी संकट और गहरा गया है। जिससे ग्लोबल आईटी सेक्टर भी भारी दबाव में है।



■ भारतीय शेयर बाजार में रहा अफरा-तफरी का माहौल, दिग्गज शेयर धड़ाम

*निवेशकों को 4.56 लाख करोड़ का नुकसान : सेंसेक्स में भारी गिरावट से बीएसई का मार्केट कैप शुक्रवार को 4.56 लाख करोड़ रुपये घटकर 457.06 लाख करोड़ हो गया. ऐसे में कहा जा सकता है कि शुक्रवार को बीएसई के तहत निवेशकों का वैल्यूवेशन 4.56 लाख करोड़ रुपये घट गया। बता दें सेंसेक्स 631 अंक टूटकर 81235 लेवल पर खुला था, जबकि निफ्टी 50 भी 227 अंक गिरकर 24,783 पर ओपन हुआ।*

*गुरुवार को अमेरिकी बाजार में गिरावट : बता दें कि गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी, जिसका असर आज यानी शुक्रवार को भारतीय शेयर मार्केट में भी देखने को मिला। सेंसेक्स 885.60 अंक या 1.08% गिरकर 80,981.95 अंक पर बंद हुआ।*

### इन दिग्गज शेयरों में आई तगड़ी गिरावट

बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में से सबसे ज्यादा गिरावट मारुति सुजुकी के शेयरों में आया है। यह शुक्रवार को 4.63 प्रतिशत टूटकर 12730.95 रुपये पर बंद हुआ। टाटा मोटर्स शेयर आज 4.17 प्रतिशत गिरकर 1096.90 रुपये पर बंद हुआ। जेएसडब्ल्यू स्टील करीब 4 प्रतिशत और टाटा स्टील के शेयर 3 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। इसके बाद एलएंडटी के शेयरों में 3 प्रतिशत की कमी आई है। कुल 30 शेयरों में से 25 शेयरों में गिरावट आई और बाकी पांच शेयर मामूली उछाल पर रहे।

## बिजनेस साइट

### एसआरयू दीक्षारंभ 2024-25 के द्वितीय दिवस में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन




**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ. सुशील त्रिवेदी, पूर्व आईएएस और विशिष्ट अतिथि प्रो. एसके पाण्डेय, लोकपाल एसआरयू ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

समारोह की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्वलन और राज्य गीत से हुआ। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने नवागंतुक विद्यार्थियों को कुलाधिपति रवि शंकर महाराज के अमृत वचन सुनाते हुए बताया कि शिक्षा का उद्देश्य मानव मष्तिष्क की असीम क्षमताओं को जागृत करना और नव विचारों का सृजन करना है। प्रो. एसके पाण्डेय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अध्ययन, शोध, और चरित्र निर्माण पर बल दिया। उन्होंने प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को बीज के रूप में वर्णित किया, जिनकी सफलता उचित वातावरण और देखभाल पर निर्भर करती है। डॉ. सुशील त्रिवेदी ने उद्बोधन में कहा कि 21वीं शताब्दी की आवश्यकताओं के अनुसार, युवा पीढ़ी को तकनीकी, सामाजिक और वैज्ञानिक ज्ञान देना आवश्यक है, परंतु तकनीकी दासता से भी बचाना चाहिए। उन्होंने यूनिवर्सिटी को ज्ञानार्जन और विभिन्न संस्कृतियों का संगम स्थल बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के बीच सामंजस्य और सहअस्तित्व की भावना को प्रोत्साहित करती है।

### इंफोसिस के खिलाफ 32.400 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस वापस

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कर्नाटक प्राधिकरण ने दिग्गज आईटी कंपनी इन्फोसिस को भेजा गया लगभग 32,400 करोड़ रुपये की मांग का कारण बताओ नोटिस वापस ले लिया है। इसके साथ ही कर्नाटक प्राधिकरण ने आईटी कंपनी को निर्देश दिया है कि वह इस मसले पर जीएसटी आसूचना महानिदेशालय के केंद्रीय प्राधिकरण को एक नया जवाब दे। डीजीजीआई जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर के उल्लंघन से संबंधित मामलों के लिए शीर्ष आसूचना एवं जांच एजेंसी है। इसे अप्रत्यक्ष कर कानूनों के अनुपालन में सुधार करने का कार्य सौंपा गया है। कर्नाटक राज्य अधिकारियों ने उसे भेजे गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने और कंपनी को इस मामले पर डीजीजीआई केंद्रीय प्राधिकरण को एक और जवाब देने का निर्देश दिया है।

# खाद्य उत्पादों में देनी होगी नमक, चीनी की जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को पैकेट वाले खाद्य पदार्थों पर नमक, चीनी, वसा के बारे में मोटे अक्षरों में जानकारी देने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए एफएसएसएआई का स्वागत किया। एसजेएम ने कहा कि इससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर और अन्य बीमारियों में काफी कमी आएगी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने हाल में पैकेट वाले खाद्य पदार्थों पर पोषण संबंधी जानकारी देने के नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। इसमें खाद्य उत्पादों के पैकेट पर नमक, चीनी और संतृप्त वसा की मात्रा की बड़े और मोटे अक्षरों में जानकारी देने की बात कही गई है। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने एक बयान में कहा कि लोगों में पैकेट वाले खाद्य पदार्थों, खासकर 'अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद' की हानिकारक सामग्री के बारे में जागरूकता की कमी है। ऐसे में लोग अनजाने में ही इन हानिकारक खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।



### खाद्यान्न में मिलावट का पता लगाने पतंजलि का नवीन अनुसंधान



**हरिद्वार।** खाद्यान्नों में मिलावट देश में एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जिसके परिणामस्वरूप अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पतंजलि ने एक नवीन अनुसंधान किया है, जिसे प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल माइक्रोकेमिकल जर्नल में प्रकाशित किया गया है। आचार्य बालकृष्ण महाराज ने इस अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तकनीक लोगों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता स्वयं जांचने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने बताया कि दाल, अनाज, दूध, मसाले, घी, सब्जियां और फल में मिलावट हो रही हैं। इस समस्या से निपटने के लिए पतंजलि ने स्वदेशी मिलावट रहित खाद्य उत्पाद तैयार किए हैं और इस नवीन अनुसंधान के माध्यम से मिलावटी खाद्यान्न से मुक्ति दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आचार्य बालकृष्ण महाराज ने पतंजलि के वैज्ञानिकों और अनुसंधान टीम पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुसंधान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होगा और वैश्विक विकास में योगदान देगा।

### बैंक ऑफ इंडिया ने सावधि जमा दरों में की बढ़ोतरी

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India
Relationships beyond banking

**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया ने 180 दिनों से लेकर 1 वर्ष से कम की अवधि की सावधि जमा पर ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की है। इस संशोधन के तहत, सुपर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 666 दिनों की सावधि जमा पर 8.10% प्रति वर्ष की उच्चतम दर जारी रखी गई है। बैंक ने 3 करोड़ रुपये से कम राशि की सावधि जमा के लिए ब्याज दर को बढ़ाकर 6.00% कर दिया है। 3 करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये से कम की राशि की सावधि जमा के लिए दरें भी बढ़ाई गई हैं। 180 से 210 दिनों की अवधि के लिए 6.50% और 211 दिनों से 1 वर्ष तक के लिए 6.75% की पेशकश की जा रही है। अति वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3 करोड़ रुपये से कम राशि की सावधि जमा पर अतिरिक्त 0.65% और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50% की अतिरिक्त दर भी लागू की गई है। विशेष रूप से, 666 दिनों की सावधि जमा पर अति वरिष्ठ नागरिकों को 7.95% और वरिष्ठ नागरिकों को 7.80% तक का ब्याज मिलेगा।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
असली केंदवा® मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग की समस्या का संपूर्ण इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर
76470-97309, 98279-66617

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## धीरज-अंकिता की जोड़ी कांस्य पदक मैच हारी




**पेरिस।** भारत के धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत की मिश्रित युगल तीरंदाजी जोड़ी शुक्रवार को यहां पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक मुकाबले में अमेरिका की कैसी कॉफहोल्ड और ब्रैडी एलिसन की जोड़ी से 2-6 से हार गई। भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहला सेट जीतने के बावजूद किम वूजिन और लिम सिहियोन की दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीय जोड़ी से 2-6 से हारने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंची थी जिससे इस स्पर्धा में देश का 36 साल का पदक का इंतजार खत्म होने की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका और अमेरिकी जोड़ी ने 38-37, 37-35, 34-38, 37-35 से जीत हासिल की।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 13 | 8 | 9 | 30 |
| 2 | फ्रांस | 10 | 11 | 12 | 33 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 10 | 6 | 5 | 21 |
| 4 | अमेरिका | 9 | 18 | 15 | 42 |
| 5 | ब्रिटेन | 9 | 10 | 8 | 27 |
| 44 | भारत | 0 | 0 | 3 | 03 |

### आज के कार्यक्रम



**निशानेबाजी :** महिला स्कीट क्वालीफिकेशन (पहला दिन) : रेइजा ढिल्लों और माहेश्वरी चौहान : दोपहर 12.30 बजे, महिला 25 मीटर पिस्टल (फाइनल) : मनु भाकर (दोपहर एक बजे)



**तीरंदाजी :** महिला व्यक्तिगत (1/8 एलिमिनेशन) : दीपिका कुमारी बनाम मिशेले क्रोपेन (जर्मनी), दोपहर 1 . 52 बजे, महिला व्यक्तिगत (1/8 एलिमिनेशन) : भजन कौर बनाम डियांडा चोइरूनिसा (इंडोनेशिया) दोपहर 2.05 बजे



**पाल नौकायन :** महिला डिंगी (रेस पांच): नेत्रा कुमानन - दोपहर 5.55 बजे, महिला डिंगी (रेस छह): नेत्रा कुमानन - शाम 7.03 बजे , पुरुष डिंगी (रेस पांच): विष्णु सरवनन - दोपहर 3.45 बजे, पुरुष डिंगी (रेस छह): विष्णु सरवनन - दोपहर 4 . 53 बजे




**मुक्केबाजी :** पुरुष वेल्टरवेट (क्वार्टर फाइनल) : निशांत देव बनाम मार्को वेरडे (मैक्सिको) : रात 12.18 बजे ।



## 5000 मीटर

## फाइनल में जगह बनाने से चूकीं पारुल, अंकिता

**पेरिस।** पारुल चौधरी पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर स्पर्धा के पहले राउंड में हीट 2 में 14वें स्थान पर रहीं। हीट से केवल शीर्ष आठ धावक ही फाइनल में पहुंचते हैं, इसलिए पारुल अपने ओलंपिक डेब्यू में पदक स्पर्धा में जगह बनाने से चूक गईं। उन्होंने शुक्रवार को स्टेड डी फ्रांस में सीजन का सर्वश्रेष्ठ समय 15:10.68 दर्ज किया, जो उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय से 0.33 सेकेंड कम था और कुल मिलाकर वह 24वें स्थान पर रहीं। इस बीच, अंकिता 16:19.38 समय के साथ हीट 1 में 20वें स्थान पर रहीं और इस इवेंट में कुल मिलाकर 40वें स्थान पर रहीं।

# मनु रिकॉर्ड तीसरे पदक की ओर जूडो और नौकायन में मिली हार

### 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| शेटराउ

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए अभूतपूर्व तीसरे पदक की ओर कदम बढ़ाया। मनु ने शुक्रवार को निशानेबाजी की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया लेकिन ईशा सिंह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। अनंतजीत सिंह नरुका पुरुष स्कीट क्वालीफिकेशन के पहले दिन खराब शुरुआत के बाद 30 निशानेबाजों के बीच 26वें स्थान पर हैं।

मनु ने प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। मनु ने प्रिसिजन दौर में 10-10 निशानों की तीन सीरीज में क्रमशः 97, 98 और 99 अंक जुटाए। रेपिड दौर में उन्होंने तीन सीरीज में 100, 98 और 98 अंक हासिल किए। हंगरी की मेजर वेरोनिका ने 592 अंक के साथ ओलंपिक के क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।



### तीनों शीर्ष खिलाड़ियों के 294-294 अंक

प्रिसिजन दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहीं वेरोनिका और फ्रांस की कैमिली जेद्रेजेवस्की ने भी मनु के समान 294 अंक जुटाए लेकिन दोनों ने 'एक्स' (लक्ष्य का केंद्र) पर अधिक निशाने लगाकर पहले दो स्थान पर कब्जा जमाया। मनु ने 'एक्स' पर सात निशाने साधे जबकि वेरोनिका और कैमिली ने क्रमशः 15 और 13 बार ऐसा किया।

### मनु ने जीते है 2 पदक

मनु ने पेरिस खेलों में व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने के बाद सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिश्रित टीम वर्ग में भी कांस्य पदक जीता। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

### जूडो खिलाड़ी तूलिका मान पहले दौर में हार के साथ बाहर

भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान पेरिस ओलंपिक की महिलाओं की 78 किग्रा से अधिक स्पर्धा के पहले दौर में शुक्रवार को यहां लंदन ओलंपिक की चैंपियन क्यूबा की इडेलिस ओर्टिज के खिलाफ शिकस्त के साथ बाहर हो गईं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता दिल्ली की 22 साल की तूलिका को क्यूबा की खिलाड़ी के खिलाफ इप्पोन से 0-10 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। क्यूबा की खिलाड़ी के नाम चार ओलंपिक पदक हैं जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। ओर्टिज के खिलाफ तूलिका सिर्फ 28 सेकेंड की मुकाबले में टिक सकीं।

### नौकायन : बलराज 23वें स्थान से बाहर

भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने शुक्रवार को यहां फाइनल डी में पांचवें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में अपने अभियान का अंत 23वें स्थान के साथ किया। हरियाणा के 25 साल के बलराज ने फाइनल डी में सात मिनट 2.37 सेकंड का समय लिया जो मौजूदा खेलों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह हालांकि पदक दौर नहीं था। पेरिस ओलंपिक की नौकायन स्पर्धा में भारत के एकमात्र प्रतिभागी बलराज क्वार्टर हीट रेस में पांचवें स्थान पर रहे थे।

### हार के बाद मरे ने लिया संन्यास

**पेरिस।** ओलंपिक के पुरुष युगल मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे का शानदार पेशेवर कॅरियर खत्म हो गया। वह इस खेल को अलविदा कहने के



लिए जब कोर्ट पर उतरे तो उनकी आंखें नम थी। इस 37 साल के खिलाड़ी ने पहले ही कहा था कि 2024 ग्रीष्मकालीन खेल उनके लिए आखिरी पेशेवर मुकाबला होगा। उन्हें और उनके साथी डैन इवांस को गुरुवार रात कोर्ट सुजैन लेंगले में टेलर फ्रिट्ज और टॉमी पॉल की अमेरिका की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हराया। तीन ग्रैंड स्लैम खिताब और ओलंपिक टेनिस एकल स्पर्धा में दो बार के इकलौते स्वर्ण पदक विजेता ने कहा, मुझे पता था कि यह पल आने वाला है। यह अगर आज नहीं हुआ होता तो कुछ दिनों के बाद होने वाला था। मैं इसके लिए तैयार था। जाहिर है, मैं भावुक हूं क्योंकि यह आखिरी बार था जब मैंने किसी प्रतिस्पर्धी मैच को खेला।

### यूक्रेन के एथलीट सम्मानित



**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने 2024 ओलंपिक के दौरान एकजुटता दिखाने के लिए यूक्रेन के खिलाड़ियों को फ्रांस की राजधानी के सर्वोच्च गौरव 'ग्रैंड वर्मील' पदक से सम्मानित किया। हिडाल्गो ने कहा, 'मैं आज आपके दुख और गर्व दोनों की कल्पना कर सकती हूं। यह जानकर दुख हुआ कि आपके देश पर अभी भी हमला हो रहा है और वह युद्ध में है। आपके कई दोस्त, आपके रिश्तेदार अग्रिम पंक्ति में हैं और लड़ रहे हैं।'

## खबर संक्षेप



### समापन समारोह का हिस्सा होंगे टॉम क्रूज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज के 11 अगस्त को पेरिस ओलंपिक के समारोपन समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज, टॉप गन और ऐज ऑफ टुमॉरो जैसी बेहद सफल फिल्मों में काम करने वाले एक्शन हीरो टॉम क्रूज के समापन समारोह में एक स्टंट करने की उम्मीद है जब ओलंपिक ध्वज 2028 ओलंपिक के मेजबान शहर लॉस एंजिलिस को सौंपा जाएगा। विश्वसनीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम की जानकारी को गोपनीय रखा गया है लेकिन इस दौरान पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ओलंपिक ध्वज को लॉस एंजिलिस की मेयर केरेन बास को सौंपेंगी। हॉलीवुड वेबसाइट 'टीएमजेड' ने समापन समारोह में क्रूज के हिस्सा लेने की जानकारी सबसे पहले दी थी।

### खेल मंत्रालय ने लगवाए 40 एसी




**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में गर्मी और उमस से परेशान भारतीय खिलाड़ियों को राहत देने के लिए खेल मंत्रालय ने खेलगांव में उनके कमरों में 40 पोर्टेबल एसी लगवाए हैं। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि यहां फ्रेंच दूतावास और भारतीय ओलंपिक संघ से बातचीत के बाद खेलगांव में एसी भेजे गए। एक सूत्र ने बताया, 'ओलंपिक खेलगांव में गर्मी और उमस के कारण खिलाड़ियों की परेशानी को देखते हुए खेल मंत्रालय ने वहां भारतीय खिलाड़ियों के लिए 40 एसी लगवाने का फैसला किया है।'

# 40 साल बाद की वापसी खेलूंगा अगला ओलंपिक

एजेंसी ▶▶| शेटराउ

ओलंपिक खेलों में 40 साल बाद वापसी करने वाले 60 बरस के ट्रैप निशानेबाज लियोनेल मार्टिनेज के लिए उम्र सिर्फ एक संख्या है और वह अपने करियर को अगले ओलंपिक तक आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मार्टिनेज पेरिस खेलों की पुरुषों की ट्रैप प्रतियोगिता में 125 में से नौ निशाने चूक कर 28वें स्थान पर रहे। 1984 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक के बाद यह इन खेलों में यह उनकी दूसरी उपस्थिति है।

अगले ओलंपिक का आयोजन 2028 में लॉस एंजिल्स में किया जाएगा और मार्टिनेज का कहा कि वह अपने ओलंपिक कॅरियर पर वहीं विराम लगाना चाहेंगे जहां उन्होंने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, 'मेरे अंदर एक रोशनी है जो मुझे लॉस एंजिल्स 2028 के लिए मार्गदर्शन कर रही है। यह मेरे लिए भविष्य है। इसके लिए काम अभी शुरू होगा। मैं अपने शरीर और दिमाग से काम करूंगा। यह खेल 90 प्रतिशत मानसिक मजबूती पर आधारित है।'

### ट्रैप निशानेबाज लियोनेल मार्टिनेज



### हिरोशी ने 44 साल बाद की थी वापसी

सबसे लंबे अंतराल पर ओलंपिक में हिस्सा लेने के मामले में मार्टिनेज से आगे सिर्फ जापान के घुड़सवार होकेत्सु हिरोशी है। ड्रेसेज राइडर हिरोशी ने टोक्यो 1964 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के 44 साल बाद बीजिंग ओलंपिक 2008 में भाग लिया था। उन्होंने इसके चार साल बाद 70 वर्ष की उम्र में लंदन ओलंपिक में भी भाग लिया था। मार्टिनेज 1984 में 20 साल की उम्र में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भाग लेने के बाद लगभग 15 वर्षों के लिए खेल से दूर हो गए थे। उन्होंने चिकित्सा आपूर्ति का व्यवसाय स्थापित किया और जीवन के अन्य पहलुओं में व्यस्त हो गए। एक दर्शक के तौर पर 2011 के पैन अमेरिकन खेलों को देखने के बाद ही उन्होंने फिर से प्रतिस्पर्धा करने की ठानी।



### स्वियाटेक ने जीता कांस्य जोकोविच-अल्काराज में होगी खिताबी भिड़ंत

**पेरिस।** ईगा स्वियाटेक ने शुक्रवार को यहां स्लोवाकिया की अन्ना कैरोलिना शिमिडलोवा को 6-2, 6-1 से हराकर कांस्य पदक जीतकर पोलैंड को ओलंपिक खेलों में पहला टेनिस पदक दिलाया। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियाटेक 59 मिनट तक चले मैच में जीत हासिल करने के बाद तौलिए से अपनी आंखों से बह रहे आंसुओं को पोंछ रही थीं। वह सेमीफाइनल में चीन की झेंग किनवेन से सीधे सेट में हार गई थीं जबकि उनसे पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने पिछले पांच फ्रेंच ओपन में चार खिताब जीते थे। वहीं स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 6-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक की पुरुष टेनिस एकल स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। इससे वह ओलंपिक की टेनिस स्पर्धा का एकल स्वर्ण पदक जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने से महज एक जीत दूर हैं। अब उनका सामना सर्बिया के स्टार नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने दूसरे सेमीफाइनल में लारेंजो मुसेट्टी को 6-4, 6-2 से हराया। महिलाओं का एकल फाइनल शनिवार को होगा जिसमें चीन की झेंग किनवेन का सामना डोना वेकिच से होगा।

# भारत और श्रीलंका के बीच पहला वनडे टाई




एजेंसी ▶▶| कोलंबो

कप्तान रोहित शर्मा (58 रन) द्वारा दिलाई गई तेज शुरुआत के बावजूद भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच शुक्रवार को पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच टाई रहा।

सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (56 रन) और निचले क्रम में दुनिथ वेलालागे (नाबाद 67 रन) के संयमित अर्धशतकों की मदद से मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 230 रन बनाए। इसके जवाब में पूरी भारतीय टीम श्रीलंका के स्पिनरों के सामने 47.5 ओवर में 230 रन के स्कोर पर सिमट गई जिससे मैच टाई रहा। टीम इंडिया को आखिरी 15 बॉल पर 1 रन चाहिए था और 2 ही विकेट बचे थे। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने 48वें ओवर में 2 गेंद पर 2 विकेट लिए और भारत को 230 पर ऑलआउट कर दिया। दोनों टीमों के बीच 30 जुलाई को टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला भी टाई रहा था। हालांकि, तब सुपर ओवर में भारत जीता था, वहीं इस बार सुपर ओवर नहीं हुआ।

### नौकायन : स्पूर्स-फ्रांसिस की जोड़ी ने महिला युगल स्कल्स में जीता स्वर्ण

# तीन मातृशक्ति ने बच्चों के साथ मनाया पदक का जश्न

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक में तीन माताओं के लिए नौकायन स्पर्धा में पदक जीतने के बाद अपने बच्चों के साथ जश्न मनाना बेहद खास रहा। ब्रिटेन की अनुभवी हेलेन ग्लोवर और न्यूजीलैंड की लुसी स्पूर्स तथा ब्रुक फ्रांसिस बच्चे को जन्म देने के दो साल से भी कम समय के अंदर ओलंपिक पदक जीतने में सफल रहीं। स्पूर्स तथा फ्रांसिस की जोड़ी ने महिला युगल स्कल्स में स्वर्ण पदक जीता, जबकि तीन बच्चों की मां ग्लोवर महिला फोर स्पर्धा में रजत पदक हासिल करने में सफल रही। स्पूर्स और फ्रांसिस ने जीत दर्ज करने के तुरंत बाद दर्शक दीर्घा में बैठे अपने बच्चों को गोद में उठा लिए। फ्रांसिस ने कहा, 'मैंने उन्हें स्टैंड में देखा और उन्हें गले लगाने में भी कामयाब रही। मुझे लगता है कि वे अपनी मां के वापस आने का इंतजार कर रहे थे।' न्यूजीलैंड की ये दोनों खिलाड़ी अपने बच्चों की देखभाल के मुश्किल समय के दौरान एक-दूसरे को प्रेरित करने के लिए अभ्यास सत्र के दौरान बच्चों के गीत गाते थे। वे अपने परिवारों को पेरिस ले आए ताकि प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित कर सकें। स्पूर्स ने कहा, 'फ्रांसिस और मेरी स्थिति बिल्कुल एक जैसी है। मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि हम दोनों किस दौर से गुजर रहे हैं। इससे हमें अच्छा करने की और अधिक प्रेरणा मिली।'




### मां बनने के बाद कर सकते हैं वापसी

ग्लोवर ने अभ्यास के दौरान अपने बच्चों को स्तनपान कराने की चुनौती के बारे में बात की है। वह अपनी रेस पूरी करने के बाद सीधे अपने बच्चों को हाई-फाइव करने गईं। उन्होंने पदक समारोह के बाद भी अपने बच्चों को गले लगाया। ग्लोवर ने कहा, 'उन्हें यह (मेरा दूसरे स्थान पर रहना और पदक मिलना) बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि इसे (स्तनपान) सामान्य बनाना वास्तव में महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि यह दिखाता है कि आप (मां बनने के बाद) वापसी कर सकते हैं, चाहे वह कुछ भी हो, चाहे वह काम हो, शौक हो, खेल हो या कुछ और। आप बच्चे होने के बावजूद उत्कृष्टता प्राप्त नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि यह समाज के लिए एक संदेश है और महिलाएं जो चाहती हैं वह बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।'

# दिल्ली कैपिटल्स हैम्पशायर को खरीदने के लिए सहमत

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर ग्रुप ने इंग्लिश काउंटी टीम हैम्पशायर के साथ 120 मिलियन पाउंड (लगभग 1278 करोड़ रुपए) में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के समझौते पर सहमति व्यक्त की है।

हैम्पशायर ऐसे में किसी विदेशी इकाई के स्वामित्व वाली पहली काउंटी टीम बन जाएगी। इससे जीएमआर समूह के पास इस टीम के 51 प्रतिशत शेयरों पर नियंत्रण है। रिपोर्ट में बताया गया, 'समझा जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स के मालिकों ने आईपीएल के अपने प्रतिद्वंद्वी लखनऊ सुपरजायंट्स की बोली को पछाड़ दिया।' जीएमआर समूह के पास इसके साथ ही यूटिलिटा बाउल (हैम्पशायर में क्रिकेट स्टेडियम), हिल्टन होटल और उसी स्थान पर एक गोल्फ कोर्स का भी नियंत्रण होगा। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक होने के अलावा जीएमआर समूह के पास दुबई कैपिटल्स (आईएलटी20, यूएई) का स्वामित्व और मेजर लीग क्रिकेट (अमेरिका) की फ्रेंचाइजी सिएटल ऑर्कास में भी हिस्सेदारी है।



# MATS UNIVERSITY

NAAC ACCREDITED UNIVERSITY

## APPROVALS & RECOGNITIONS

UGC | AICTE | BCI | PCI
NCTE | AIU | CGPURC

Microsoft IT Academic Partner — CG'S ONLY AUTHORISED MICROSOFT INNOVATION CENTRE | Lazarski University | ORACLE | ima The Association of Accountants and Financial Professionals in Business | East Carolina University — TIE-UP WITH EAST CAROLINA UNIVERSITY, USA | CLAT Common Law Admission Test | National Law School of India University Bangalore | University of Applied Sciences in Nysa | nlu Mumbai | Patna Law College Patna University, Patna | NPTEL | BOSCH

## Introducing 3 year & 4 year Under Graduate Programs under NEP 2020

### From Average to EXTRA Ordinary: Transform your career with a MATS UNIVERSITY DEGREE



- **54152+** Alumni
- **2419** Research Publications
- **86%** Placement average over past 16 years
- **1385** Workshops/ Seminars
- **245+** National/ International Awards
- **16153** Participation in Annual Outreach Programs

## WHY MATS University?

✓ **PREPARATION** strategy
by experts for major Competitive Exams like UPSC/CGPSC/NET/IBPS/GATE/JUDICIARY

✓ **START-UP** support and guidance
by start-up incubation cell through industry experts and also through one of the largest 1000+ Alumni Entrepreneurs

✓ **EARN** while your Learn.
by joining our Industry linked internship based programs, like B.B.A. Logistics/B.Com. Land Transportation

✓ **EXCEL** in your placement
by the support of mentor teacher and placement support cell which is having 273+ companies tie-ups for placement

*and get ready for life.......*

### School of Engineering
**M.Tech.**
Computer Science Engineering
Turbo Machinery
Power Electronics
Computer Aided Structural Engineering
**B.Tech. Hons.**
Computer Science Engg.(IOT, AI & ML)
Aeronautical Engg. (UAV)
Mechanical Engg. (ROBOTICS & ENERGY)
Mining Engg. (MINERAL PROCESSING)
Civil Engg. (CONS. MGMT. & GREEN TECH.)
**B.Tech.**
Computer Science Engineering
Aeronautical Engineering
Mechanical Engineering
Mining Engineering
Civil Engineering
**Diploma**
Mechanical Engineering
Civil Engineering
Admission Help Line : 7389356989, 9109951182

### School of Business Studies
**M.Com.**
**B.Com. (Hons.)**
**B.Com. (Land Transportation)**
Admission Help Line : 7389376989

### School of Research Studies
**Ph.D.**
in various streams
Admission Help Line : 9109994500

### School of Management
**M.B.A.** Marketing/HR/Fin. (Dual Spe.)
**B.B.A. (Hons.)** Marketing/HR/Fin.
**B.B.A. (Logistics)**
Admission Help Line : 9109913111

### School of Information Technology
**M.C.A.**
Specialization in AI/ Data Science
**M.Sc. (CS)**
**P.G.D.C.A.**
**B.Sc.**
Animation & Graphic Designing
**B.C.A.**
Specialization in AI/ Data Science
**D.C.A.**
Admission Help Line : 9109951181

### School of Fashion Designing & Technology
**M.Design**
**B.Sc. (Hons.)**
Fashion Designing & Technology
Interior Design & Decoration
Admission Help Line : 9109951183

### School of Education
**M.A.** Education
**B.Ed.**
Admission Help Line : 9109951184

### Law School
**LL.M.**
**B.A. LL.B.**
**LL.B.**
Admission Help Line : 9109997900

### School of Sciences
**M.Sc.**
Microbiology/ Chemistry
Botany/ Zoology/ Mathematics
**B.Sc.**
Biotechnology/ Microbiology
Forensic Science/ CBZ/ PCM
Admission Help Line : 9109991032

### School of Library & Information Science
**M.Lib.I.Sc.**
**B.Lib.I.Sc.**
Admission Help Line : 9109991031

### School of Physical Education
**M.A.** Yoga
**B.P.Ed.**
**P.G.D.Y.Ed.**
Admission Help Line : 9755199381

### Department of Social Work
**M.S.W.**
Specialization :
1. Community Development
2. Medical & Psychiatry
Admission Help Line : 9109994500

### School of Pharmacy
**B.Pharmacy**
**D.Pharmacy**
Admission Help Line : 9755199381

### School of Arts & Humanities
### Department of Psychology
**M.Sc.** Psychology
**P.G.D.G.C.**
PG Dip. in Guidance & Counseling
**B.Sc. (Hons.)** Applied Psychology
Admission Help Line : 7471180268

### Department of Hindi
**M.A.** - Hindi/ Political Science
**B.A.** History/ Political Science/ Social Science
**B.A. (Hons.)**
Hindi with Journalism & Tourism
**Diploma**
Journalism & Mass Communication
Admission Help Line : 7880001773

### Department of English
**M.A.** - English
**B.A. (Hons.)**
English with Mass Communication
Admission Help Line : 9752942949

SCAN FOR VIRTUAL TOUR OF MATS UNIVERSITY

**FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999**

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel :** 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9109951184, 9755199381, 9109994500 **Email :** admissions@matsuniversity.ac.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com